WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2017 /72749 भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025 , कृष्ण पक्ष द्वादशी , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -9 अंक -210 पृष्ठ -08 मूल्य-4 भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

कला व संस्कृति के संरक्षण के साथ प्रदेश सरकार विकास पथ पर अग्रसरः सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में 101वे तानसेन संगीत समारोह का भव्य शुभारंभ

विश्वविख्यात संगीतज्ञ पं. राजा काले एवं पं. तरुण भट्टाचार्य तानसेन अलंकरण से विभूषित

साधना परमार्थिक संस्थान समिति मण्डलेश्वर एवं रागायन संगीत समिति ग्वालियर को मिला राजा मानसिंह तोमर सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुष थे तानसेन

संस्कृति मंत्री श्री लोधी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर बतौर विशिष्ट अतिथि हुए शामिल

भोपाल/नवप्रदेश। संगीतधानी ग्वालियर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए तानसेन समारोह में शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात गायक पं. राजा काले मुम्बई को वर्ष 2024 एवं विश्व विख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य कोलकाता को वर्ष 2025 के तानसेन अलंकरण से विभूषित किया गया। इसी तरह मण्डलेश्वर की साधना परमार्थिक संस्थान समिति को वर्ष 2024 एवं ग्वालियर की रागायन संगीत समिति को वर्ष 2025 के राजा मानसिंह तोमर सम्मान से अलंकृत किया गया। साधना परमार्थिक संस्था की ओर से श्रीमती प्रेरणा कोल्हटकर एवं रागायन संस्था की ओर से महंत रामसेवकदास जी महाराज ने सम्मान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी सम्मानित मूर्धन्य संगीत साधकों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। साथ ही कहा कि मध्यप्रदेश सरकार कला, संस्कृति का संरक्षण करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक अभ्युदय हो रहा है।

ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग से पूरी दुनिया को शून्य का परिचय करा रहे ÷चतुर्भुज मंदिर÷ की थीम पर तानसेन समाधि परिसर में बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर सोमवार की सांध्य बेला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश एवं दुनिया के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने की। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं विधायक श्री मोहन सिंह राठौर बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत की नगरी ग्वालियर में आयोजित होने वाला तानसेन संगीत समारोह प्रदेश व देश का सबसे प्रतिष्ठित समारोह है। संगीत सम्राट तानसेन भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुष थे। तानसेन की सुर और तान ने ग्वालियर को दुनिया में अलग पहचान दिलाई। गान महिर्षि तानसेन ने अपने गुरू स्वामी हरिदास जी के साधिन्य में संगीत की बारीकियां सीखकर ध्रुपद गायिकी सहित शास्त्रीय संगीत को नए आयाम दिए। तानसेन की ख्याति ऐसी थी कि उन्हें अकबर ने अपने नवरत्नों में शामिल किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिक काल से शास्त्रीय संगीत हमारे जीवन और संस्कृति का हिस्सा रहा है। सामवेद इसका साक्षी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में कला व संस्कृति को नए आयाम मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी अद्वितीय छाप छोड़ रहा है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है।

वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा की सतत यात्रा है तानसेन समारोह : संस्कृति मंत्री श्री लोधी

संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि तानसेन समारोह उस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा की सतत यात्रा है, जिसमें पिछले 101 वर्षों से संगीत की आत्मा, रागों की अनुभूति और स्वर की साधना एक सामूहिक तपस्या बनकर प्रवाहमान हो रही है। यह समारोह हमें याद दिलाता है कि संगीत हमारी परंपरा, हमारी जड़ों व हमारी आत्मा का संवाद है। उन्होंने कहा हमारे लिए खुशी की बात है कि ग्वालियर की पुण्य धरा पर आयोजित तानसेन समारोह में आने का अवसर मिला है। तानसेन महोत्सव में जब संगीत के सुर गूंजते हैं तब हम केवल आनंदित ही नहीं होते बल्कि हमें भारतीयता, विवेक और आध्यात्मिक शक्ति का आभास भी होता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी मान्यता है कि स्वर ही ब्रम्ह है और ब्रम्ह ही सत्य है। इसी सत्य को तानसेन ने अपने जीवन, तप और संगीत के स्वरों में मूर्तरूप प्रदान किया। मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर तानसेन अलंकरण व राजा मानसिंह तोमर सम्मान से विभूषित साधकों का मध्यप्रदेश सरकार की ओर से हार्दिक स्वागत व अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी।

ग्वालियरवासियों के लिये आज गौरव का दिन : ऊर्जा मंत्री तोमर

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियरवासियों के लिये आज गौरव का दिन है। खुशी की बात है कि ग्वालियर की धरा पर देश व दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित समारोहों में से एक तानसेन समारोह का आयोजन हो रहा है। उन्होंने सम्मानित कलाकारों का अभिनंदन किया और बधाई दी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश के विज़न पर मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 17 दिसम्बर को

राज्यपाल श्री पटेल करेंगे विधानसभा की सात दशक की यात्रा एवं मध्यप्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार की दो वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विधान सभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 17 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा में मध्यप्रदेश विधानसभा की 7 दशक की यात्रा एवं मध्यप्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यों पर केन्द्रित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है, जिसका शुभारंभ राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि 17 दिसंबर का दिन मध्यप्रदेश विधानसभा के इतिहास में महत्वपूर्ण है। इसी दिन मध्यप्रदेश विधानसभा की प्रथम बैठक हुई थी। इस विशेष सत्र में सभी सदस्य विकसित मध्यप्रदेश के विजन को धरातल पर उतारने के लिए क्या कदम उठाना चाहिए इस पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। श्री तोमर ने कहा कि आज हमारा प्रदेश विकासशील राज्यों में गिना जाता है। हम सक्षम हैं, अनेक क्षेत्रों में प्रदेश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। लेकिन आने वाले कल में हम विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण का लक्ष्य रखते हैं। इसलिए हमारी पीढ़ी का यह दायित्व है कि इस दिशा में हम चिंतन भी करें और सटीक कदम भी उठाएं।

राज्य पुर्नगठन आयोग की अनुशंसा पर 1 नवम्बर, 1956 को मध्यप्रदेश राज्य का गठन हुआ था। मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रथम सत्र की अवधि 17 दिसम्बर, 1956 से 17 जनवरी, 1957 थी, सत्र की पहली बैठक 17 दिसंबर 1956 को आहूत हुई थी। तब से अब तक 16 विधानसभा गठित हो चुकी हैं। वर्तमान में 16 वीं विधानसभा कार्यरत है। प्रदेश के विकास एवं आमजन के कल्याण में मध्यप्रदेश विधानसभा एवं सदस्यों का सदैव सक्रिय योगदान एवं भूमिका रही है। प्रथम विधानसभा से अब तक विधानसभा के 19 अध्यक्ष आसंदी पर रहे हैं। 17 दिसंबर 2025 को आहूत एक दिवसीय विशेष सत्र में मध्यप्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण राष्ट्र ÷विकसित भारत÷ के संकल्प की सिद्धी की ओर अग्रसर है। विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश आवश्यक है और इसमें विधायिका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बोल बोला है। उनका कहना है कि बिहार सरकार चारा चोट्टा लालू यादव की संपत्ति जब्त कर वहां स्कूल खोलेगी। सुनने में बात अच्छी है किन्तु कहते है न कि कुछ भी कहना आसान होता है और करना मुश्किल इन भ्रष्टासुरों ने कच्ची गोलियां नहीं खेली होती। इनके हराम के माल को उनकी हलक में हाथ डालकर निकालना उतना ही मुश्किल है जितना चील के घोसले में मांस ढूंढना। देखना दिलचस्प होगा कि लालू एंड सन्स की हजारों करोड़ की संपत्ति सरकार जब्त कर पाती है या नहीं।

शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर नितिन नबीन को कुर्सी पर बैठाया

सीएम साय, डिप्टी सीएम और गृहमंत्री ने दी शुभकामनाएं

■ बीजेपी मुख्यालय में नए कार्यकारी अध्यक्ष पर फूल बरसाए गए, जय श्रीराम के नारे लगे

नई दिल्ली। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इससे पहले नितिन नबीन का पार्टी मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। अमित शाह और जेपी नड्डा नितिन नबीन के स्वागत के लिए बीजेपी मुख्यालय में पहले से मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नितिन नबीन सोमवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट से 8.25 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उनकी फ्लाइट 4 घंटे लेट हो गई है। वो दोपहर 1 बजे दिल्ली पहुंचे। बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन संगठन और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। उनकी नियुक्ति युवा नेतृत्व पर पार्टी के विश्वास का प्रतीक है। उनकी संगठनात्मक क्षमता कार्यकर्ताओं से गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नितिन नबीन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से छत्तीसगढ़ भाजपा परिवार गौरवान्वित है। उनके मार्गदर्शन में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिली है। वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगा। उनके मार्गदर्शन में विधानसभा से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों तक पार्टी का प्रदर्शन एक ऐतिहासिक उपलब्धि रहा है।

इंडिगो मामले में सुको ने दखल देने से किया इनकार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के रुकने से यात्रियों को हुए नुकसान को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला पहले से ही दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहा है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देगा।

इस मामले की सुनवाई कर रहे सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी बात दिल्ली हाईकोर्ट में ही रखें। सीजेआई ने कहा कि जब किसी मामले पर हाईकोर्ट पहले से सुनवाई कर रहा हो और उसने कुछ निर्देश भी

दिए हों, तो ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई शुरू करता है, तो हाईकोर्ट को अपनी सुनवाई रोकनी पड़ती है। यह न्यायिक व्यवस्था के लिहाज से सही नहीं होगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि यह मुद्दा जनता से जुड़ा हुआ है और इससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा कि वह इस मामले में याचिकाकर्ता नरेंद्र मिश्रा की दलीलों को भी ध्यान से सुने और उन पर विचार करे।

दरअसल, याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि इंडिगो की उड़ानों के अचानक रुकने से यात्रियों को भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान हुआ है। कई लोगों की यात्राएं रद्द हुईं, जरूरी काम अटक गए और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़े।

स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 जीतकर भारतीय टीम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चेन्नई में आयोजित स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम ने टॉप सीड हांगकांग, चीन को 3-0 से करारी शिकस्त देकर इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए इसे गौरव का पल बताया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'एसडीएटी स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने और अपना पहला वर्ल्ड कप टाइटल जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बहुत-बहुत बधाई!

राम मंदिर आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने वाले रामविलास वेदांती का निधन

अयोध्या(आईएएनएस)। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के रीवा में अंतिम सांसें लीं, जहां उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही अयोध्या और पूरे संत समाज में गहरा शोक छा गया है। साथ ही राजनीतिक जगत में भी उनके चले जाने से भारी दुख का माहौल है।

राज्यसभा में चर्चा: चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाए

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि जिस दिन चुनाव आयोग के कंपोजिशन के बारे में संशोधन किया गया, मुख्य न्यायाधीश को हटाकर उनके बदले एक कैबिनेट मिनिस्टर को शामिल किया गया। इससे जनता में एक संदेश गया कि यह इलेक्शन कमीशन की निष्पक्षता को खत्म करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था फिर से लागू की जाए, जिसके तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होते थे। राम गोपाल यादव ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि चुनाव से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति धार्मिक या जाति के आधार पर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी चीजों से अलग हटकर ये नियुक्तियां निष्पक्ष व पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कुछ उपचुनाव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सीजेआई ने कहा- गरीब और मजदूर सर्वाधिक प्रभावित

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर गहरी चिंता जताई और साफ कहा कि अब ऐसे आदेश देने की जरूरत है, जिनका जमीन पर सख्ती से पालन हो सके। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया। सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी अपराजिता ने अदालत को बताया कि जब तक अदालत की ओर से स्पष्ट और कड़े निर्देश नहीं दिए जाते, तब तक राज्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

घने कोहरे से हवाई यातायात प्रभावित, एयर इंडिया की कई उड़ानें रद्द

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह घने कोहरे और बेहद कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। खराब मौसम का असर सभी एयरलाइनों की उड़ानों पर पड़ा है। इस बीच एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए सुरक्षा कारणों से कई उड़ानें रद्द करने की जानकारी दी है। इससे पहले इंडिगो एयरलाइंस ने भी कोहरे को लेकर यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की थी।

गरमा-गरम

नया बिल... नए नाम पर सियासी घमासान जारी

मनरेगा स्कीम की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी'

■ मोदी सरकार नया बिल ला रही; प्रियंका बोलीं- महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे?

नई दिल्ली/वार्ता। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून का नाम बदलने के फैसले को लेकर सरकार कटघरे में है। केंद्र सरकार संसद में विधेयक पेश कर इस योजना का नाम बदलने की तैयारी में है। अब सियासी आलोचकों की दलील है कि नई योजना का नाम ऐसा रखा गया है कि संक्षेप में इसे 'विकसित भारत जी राम जी पढ़ा जा रहा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने

सरकार से तीखे सवाल किए हैं। कांग्रेस ने सरकार को मनरेगा का नाम बदलने से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

प्रियंका ने संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल पर कहा, जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में बड़े पैमाने पर बदलाव करने पड़ते हैं। ऐसी गतिविधियों पर सरकार का बहुत पैसे खर्च करती है। उन्होंने सवाल किया कि नाम बदलने का फायदा क्या है? यह सब क्यों किया जा रहा है? महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

लोकसभा में 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' पेश, जेपीसी को भेजने का निर्णय

नई दिल्ली(वार्ता)। लोकसभा में सरकार ने सोमवार को 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 पेश किया जिसे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बाद संसद की संयुक्त समिति-जेपीसी को भेजने का निर्णय लिया गया।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रताद तेन्नेटी से विधेयक पेश करने की अनुमति मांगते हुए कहा कि विधेयक को विश्वविद्यालयों तथा अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षण, सीखने, अनुसंधान तथा नवाचार में उत्कृष्टता लाने के मकसद से लाया गया है। इसके पारित होने से शिक्षण संस्थान ज्यादा प्रभावी होंगे और उच्च शिक्षा, अनुसंधान, वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों में मानकों के समन्वय तथा निर्धारण में आसानी होगी।

विधेयक लाने का प्रयोजन विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान का गठन करने, विश्वविद्यालयों तथा अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्व-शासित और ज्यादा स्वतंत्र संस्थान बनाने की सुविधा प्रदान करना है और मान्यता, स्वायत्तता तथा पारदर्शी प्रणाली को बढ़ावा देते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

न्यूज गैलरी

चाइनीज मांझे पर पुलिस की सख्ती : 47 रील जब्त, आरोपियों का जुलूस निकालकर कराई उठक-बैठक

उज्जैन/नवप्रदेश। चाइनीज मांझे के अवैध उपयोग से हो रहे हादसों को रोकने के लिए उज्जैन पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। नीलगंगा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए करीब 30 हजार रुपए कीमत की 47 रील चाइनीज मांझा जब्त कर पांच आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकालकर सार्वजनिक रूप से उठक-बैठक कराई और आगे से चाइनीज मांझा न बेचने की हिदायत दी। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि शिवांश एलियंस बिल्डिंग के पीछे चाइनीज मांझा रखे होने की सूचना पर कार्रवाई की गई। पहले तीन आरोपियों से 24 रील तथा बाद में दो अन्य आरोपियों से 23 रील मांझा जब्त किया गया। पुलिस का कहना है कि चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के बावजूद इसके कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रेस क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष नंदलाल यादव सहित कार्यकारिणी का सम्मान

उज्जैन/नवप्रदेश। प्रेस क्लब के नवयुक्त अध्यक्ष नंदलाल यादव व कार्यकारिणी अध्यक्ष विशाल सिंह हाडा, उपाध्यक्ष उदय सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र भूतड़ा, कमलेश जाटव, रवि सेन, निलेश खोयरे, गोविंद प्रजापत, धर्मेंद्र भाटी, प्रणव नागर, मनोज तिलक, अशोक त्रिपाठी, अपूर्व देवड़ा, सहित प्रेस क्लब कार्यकारिणी का दैनिक अवंतिका एक्सप्रेस समाचार पत्र कार्यालय में संपादक सुमेर सिंह सोलंकी व पूरी टीम के द्वारा सम्मान किया गया।

श्री उत्तरा मुखी हनुमान मंदिर पर महाप्रसादी के साथ संपन्न हुई महा आरती

उज्जैन/नवप्रदेश। महाकाल की नगरी भगवान कृष्ण की शिक्षा स्थली अंकपात स्थित श्री उत्तरा मुखी हनुमान मंदिर पर उत्तरा मुखी हनुमान मंदिर भक्त समिति द्वारा दो दिवसीय हनुमान महोत्सव का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी यश गहलोत ने बताया कि सुबह से ही मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। बाबा का पंचामृत अभिषेक के साथ ही रामायण की चौपाई द्वारा हवन अनुष्ठान किया गया। देर शाम को श्री उत्तरा मुखी हनुमान जी की विशालकाय मूर्ति का आकर्षक श्रृंगार कर 56 पकवानों का भोग लगाया गया। साथ ही रंगारंग आतिशबाजी कर महाआरती संपन्न की गई। मंदिर प्रांगण में भव्य विद्युत सज्जा के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारो लोगों ने प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर पंडित अमिश पाठक, अध्यक्ष अश्विन मेहता, कार्यक्रम संयोजक संजय जैन कालूहैड़ा सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया ने लव जिहाद के मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

उज्जैन/नवप्रदेश। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उज्जैन से लव जिहाद से जुड़े मामलों का सामने आना चिंता का विषय बनता जा रहा है। विशेष रूप से ये मामले शहर के होटलों से उजागर हो रहे हैं, जिससे धार्मिक नगरी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया के प्रदेश महामंत्री रोहित मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी हिंदू संगठन सनातन धर्म की रक्षा और सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा ऐसे मामलों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को सौंपा जा रहा है। रोहित मित्तल ने प्रशासन से मांग की कि लव जिहाद के मामलों में सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि जब देश-प्रदेश से श्रद्धालु उज्जैन आते हैं और इस तरह की घटनाएं होटलों से सामने आती हैं, तो इससे धार्मिक नगरी उज्जैन को लेकर गलत संदेश जाता है। संगठन ने यह भी मांग की कि शहर के सभी होटलों की कड़ी जांच की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उज्जैन की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गरिमा बनी रहे।

एसआईआर कार्यों में पारदर्शिता और समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें

भोपाल संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने विदिशा जिले में एसआईआर कार्यों का लिया जायजा, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

विदिशा/नवप्रदेश। भोपाल संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने आज विदिशा जिले में संपादित एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यों की समीक्षा एवं जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार प्रथम चरण का कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नियमानुसार संपन्न कराया गया है, उसी प्रकार द्वितीय चरण से संबंधित सभी कार्यों का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर शिकायत की कोई गुंजाइश न रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रत्येक कार्य को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी संवाद करते हुए कहा कि वे अपने-अपने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) को आयोग के नवीन दिशा-निर्देशों से भली-भांति अवगत कराएं। इसके लिए प्रशासन एवं राजनीतिक दलों के बीच सतत परस्पर संवाद एवं समन्वय बनाए रखा जाए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और विश्वास बना रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यों के लिए निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी कार्य समयावधि के भीतर पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि मैपिंग कार्यों के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे। जहां आवश्यकता हो, वहां टीमों की संख्या बढ़ाई जाए तथा निर्धारित मापदंडों का पूर्णतः पालन करते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दस्तावेजी कार्यवाही, पंचनामा एवं रिकॉर्ड संधारण पूरी तरह दुरुस्त एवं अद्यतन रखे जाएं। फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं दावे-आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया इस प्रकार संपन्न की जाए कि किसी भी स्तर पर शिकायत की स्थिति उत्पन्न न हो। संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने अंत में अधिकारियों से अपेक्षा की कि निर्वाचन से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें, ताकि मतदाता सूची अद्यतन, त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय बन सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी सांझा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में एसआईआर के प्रथम चरण के कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराए गए हैं।

स्वास्थ्य अमले को कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश - स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की कोई कमी ना आए

विदिशा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदिशा जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में की गई इस बैठक में कलेक्टर ने जिले के स्वास्थ्य अमले को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी ना आए, मरीज किसी भी स्थिति में अनावश्यक रूप से परेशान ना हो और समय पर सबको इलाज और योजनाओं का लाभ मिले। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने बैठक में उपस्थित सभी जिला और खंड स्तर के अधिकारियों से कहा कि जिला अस्पताल और जिले की किसी भी स्वास्थ्य संस्था में इस प्रकार की शिकायत में प्राप्त न हो कि मरीज को स्वास्थ्य उपचार नहीं मिला या किसी मरीज को अस्पताल में भर्ती के समय कंबल नहीं मिला, इस तरह की शिकायतें यदि प्राप्त होंगी तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अभी सर्द हवाओं का मौसम है सर्दी तेज पड़ रही है और आने वाले दिनों में यह बढ़ेगी इसको ध्यानगत रखते हुए अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को कंबल उपलब्ध कराए जाएं ताकि मरीजों को सर्दी से राहत मिल सके। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने इसके अलावा जिले में 108 एंबुलेंस, जननी एक्सप्रेस सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य वाहन सुविधाओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीजों को लेकर समय पर एम्बुलेंस स्वास्थ्य संस्थानों में पहुंचे, गर्भवती माताओं को भी समय पर स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के लिए लाने के प्रबंध सुनिश्चित हो इस और विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मरीज की जान बच जाए यही हमारा नैतिक दायित्व होना चाहिए इसलिए इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। उन्होंने टीकाकरण कार्यों की भी समीक्षा

भोपाल में 2 दिन मृत और गायब- शिफ्टेड वोटर्स का वेरिफिकेशन

कलेक्टर ने पूछा-रामबाई क्या यहां रहती हैं? जवाब मिला नहीं; ऐसे ही 92 मतदाता का जिम्मा

भोपाल/नवप्रदेश। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में ASDR यानी, मृत, एबसेंट, शिफ्टेड, डबल और अन्य कैटेगरी के वोटर्स की जांच करने के लिए सोमवार से भोपाल के अफसर मैदान में उतर गए हैं। अगले 2 दिन तक वे 2 लाख से ज्यादा वोटर्स की जांच करेंगे। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खुद 92 वोटर्स के वेरिफिकेशन का जिम्मा लिया है। अनकलेक्टेबल कैटेगिरी में शामिल मतदाताओं की जांच के लिए कुल 551 अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर की जिम्मेदारी तय की गई है। हर अधिकारी और कर्मचारी को बूथ का जिम्मा सौंपा गया है। 15 और 16 दिसंबर को वे घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। कलेक्टर सिंह ने भोपाल मध्य विधानसभा के पोलिंग बूथ नंबर-150 का जिम्मा लिया है। यहां कुल 92 वोटर्स की जांच वे करेंगे। सोमवार सुबह 11 बजे से उन्होंने वेरिफिकेशन शुरू कर दिया। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को 104, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी को 108, एडीएम सुमित पांडेय को 109, अंकुर मेश्राम को 106, पीसी शाक्य को 103, प्रकाश नायक के पास 101 वोटर्स की जांच का जिम्मा सौंपा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता के साथ सभी ज्वाइंट कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और जिला अधिकारियों को भी विधानसभा के हिसाब से जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर सिंह सुभाषनगर पहुंचे। एक मकान में रहने वाली लड़की से पूछा कि क्या यहां रामबाई रहती हैं? इस पर लड़की ने कहा कि वे और उनके पति उमाशंकर अशोका गार्डन में शिफ्ट हो गए हैं। इसके बाद कलेक्टर ने संबंधित वोटर का मोबाइल नंबर और पते की जानकारी ली। ताकि, दूसरी जगह पर वेरिफिकेशन किया जा सके। सोमवार को सभी अधिकारी मैदान में उतर गए। आज अधिकांश वोटर्स के घरों पर जांच कर वे पता लगाएंगे कि एसआईआर के दौरान जो जानकारी दी गई है, वह सही है या गलत? उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि ऐसे मतदाता जो मृत, एबसेंट, शिफ्टेड, डबल और अन्य कैटेगरी में दर्ज हैं, उनकी लिस्ट विधानसभावार जिले की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। मतदाता भी लिस्ट देखें और बताएं क्या गलती है। उसको ठीक किया जाएगा। भोपाल की वोटर्स लिस्ट से 4 लाख 7944 वोटर्स ऐसे हैं, जो एसआईआर में या तो अपने पते पर नहीं मिले या फिर और कहीं शिफ्ट हो गए। इनमें से 31 हजार से ज्यादा मतदाता मृत भी हो चुके हैं। प्रदेश सरकार में मंत्री कृष्णा गौर की गोविंदपुरा विधानसभा में 61 हजार से ज्यादा वोटर शिफ्ट हुए हैं। वहीं, मंत्री विश्वास सारंग की विधानसभा नरेला में 5679 वोटर मृत मिले। हुजूर विधानसभा में भी मृत वोटर की संख्या 5 हजार से ज्यादा है। हालांकि लगातार वेरिफिकेशन के बाद यह संख्या 2 लाख 7 हजार 378 हो गई है।

8 दिसंबर को हुई रिपोर्ट के अनुसार नरेला विधानसभा में चार में तीन कैटेगरी के मतदाताओं की सबसे ज्यादा संख्या है। यहां 5679 ऐसे वोटर मिले, जो मृत हो चुके हैं।

तीन दिवसीय अस्मिता महिला बास्केटबॉल सिटी लीग 19 दिसंबर से

विद्यालय अपनी टीमों की एंट्री 18 दिसंबर तक भेज सकते हैं

उज्जैन/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा अस्मिता महिला बास्केटबॉल सिटी लीग 2025-26 का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक बास्केटबॉल एरिना महानंदा नगर पर किया जाएगा।

संगठन की सचिव ऋचु शर्मा ने बताया कि महिला लीग में उज्जैन शहर के विद्यालय की टीमें भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता में निःशुल्क सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यालय अपनी टीमों की एंट्री 18 दिसंबर तक भेज सकते हैं। विजेता, उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का भी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में आयोजन समिति सदस्य मनीषा पँवार, प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया, विनोद पांचाल, विराट धाकड़, अर्चना टाइट्स ममता गौड, मनीष धनौरिया आदि हैं।

कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ में विद्यार्थियों से संवाद

राजगढ़/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संचालित कॉलेज चलो अभियान नई शिक्षा, नई उड़ान अभियान अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के निर्देशन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ में विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध पाठयक्रम, सुविधाएं, शासन की छात्रवृत्ति योजनाओं व अन्य अवसरों की जानकारी दी गई। प्रवास दल द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि स्नातक स्तर पर बी.ए. (राजनीति, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, संगीत), बी.कॉम (प्लेन, कंप्यूटर एप्लीकेशन, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस), बी.एस.सी. (गणित, भौतिकी, रसायन, वनस्पति विज्ञान, प्राणीशास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, हेल्थ केयर मैनेजमेंट) सहित स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए., एम.कॉम एवं एम.एस.सी. जैसे पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, उच्च शिक्षा के नवीन अवसरों एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रमों से अवगत कराया गया। साथ ही दल सदस्य सुश्री रानू खारेलिया, सुश्री प्रियंका गौर ने मध्यप्रदेश शासन की छात्र हितैषी योजनाओं गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, एकीकृत छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना, एससी- एसटी- ओबीसी विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति, आवास भत्ता सहायता योजना तथा निःशुल्क पुस्तक एवं स्टेशनरी सुविधा- की जानकारी दी गई। डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़े, श्री प्रकाश अहिरवार ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं का प्रस्तुतीकरण किया। इसमें योग्य फैकल्टी, आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, विशाल इनडोर-आउटडोर स्टेडियम, सभागार, एम.पी. भोज विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र, एनएसएस इकाइयां, करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट ड्राइव, करियर मेले, यूपीएससी, एमपीपीएससी एवं पीईबी की निःशुल्क कोचिंग, स्मार्ट क्लासेस, ओपन जिम तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधाएं शामिल रहीं। श्री सोहन शर्मा द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश लेने के पूर्व, प्रवेश के समय ओर बाद में ध्यान देने वाली सावधानी के लिए बताया। कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक कुमार विजयवर्गीय और आभार कार्यक्रम नोडल डॉ. आभा आनंद ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य सुश्री रोमा सांखला एवं विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों का समाधान

दमोह जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार : प्रभारी मंत्री परमार

समिति के सदस्यों ने रखे अपने महत्वपूर्ण सुझाव, प्रभारी मंत्री ने दिए आवश्यक निर्देश

मंत्री श्री परमार ने जिले के विकास कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री परमार की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक हुई संपन्न

भोपाल/नवप्रदेश। दमोह जिले में नरवाई प्रबंधन के लिए जनप्रतिनिधियों ने तीन गांव बोतराई, सदगुवां और लुहर्रा गांव को चयनित किया है और यहां पर नरवाई प्रबंधन पर कार्य किया जाएगा। जिले में प्लंबर का प्रशिक्षण शुरू कराया जाये और इसका प्रस्ताव दिया जाये, सोलर की भी ट्रेनिंग प्रारंभ कराई जाये। पॉलिटेक्निक और आईटीआई दोनों जगह, इस पर काम प्रारंभ कराये जायें। आने वाला समय सोलर एनर्जी का ही रहेगा। आगामी बैठक सिंचाई और पेयजल पर रखी जाये, जिसमें यह सुनिश्चित किया जायेगा की हर जगह अंतिम छोर तक पानी की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। इस आशय की बात प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने रविवार को, कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में कही। जिले के प्रभारी मंत्री श्री परमार ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में जिले में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास के लिये किये गये प्रयासों, उपलब्धियों पर गहन चर्चा की गई, निर्देशानुसार कार्यवाई की जाये। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा पीजी कॉलेज में एक उन्नत लाइब्रेरी बनाई जाये और इसकी राशि उपलब्ध करा दी जाएगी, इसका तत्काल प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये। इस लाइब्रेरी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा जो विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वह भी आकर यहां अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने जिले में महिलाओं के लिए दोना पत्तल के काम समूह से जोड़कर कराए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा दोना पत्तल की आज हर जगह काफी डिमांड है, इस दिशा में तेजी से काम प्रारंभ किए जायें, प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित किया जाये, लोगों में जन जागृति पैदा की जाये और प्लास्टिक के नुकसान से अवगत कराया जाये। श्री परमार ने कहा प्लास्टिक से गंभीर बीमारियां पैदा हो रही है। बैठक में बताया गया अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के युवा जो शिक्षक, प्राध्यापक बनना चाहते हैं, उन्हें कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाये ताकि वह सफल हो सके, विशेष कर मैथ्स इंग्लिश के बड़ी संख्या में पद खाली है, उन्हें भरा जा सकेगा । जिले के जिन स्कूलों में पहुंचने में वर्षा के दिनों में बच्चों को दिक्कतें पहुंचती है वहां पर ग्रेवल सड़क प्राथमिकता से बनवा दी जाए। दमोह शहर में पेयजल लाइन डालने के लिए जहां सड़के खोदी गई है, पुर्ननिर्माण का कार्य तेजी से कराये जाये नगर पालिका अधिकारी इसे तत्काल सुनिश्चित करायें। उन्होंने बैठक के दौरान समिति के सदस्यों से कहा खाद वितरण की टोकन व्यवस्था जिले में प्रारंभ की गई है, इसका किस तरह का रिस्पांस है। बैठक में मौजूद सदस्यों ने बताया कि यह प्रणाली बहुत अच्छी है, जबसे टोकन मिला है लाइन में लगने से मुक्ति मिल गई है, व्यवस्था बेहतर है। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक गांव की सिंचाई की मैपिंग के संबंध में कहा यह काम तेजी से किया जाये जिस पर जिला कलेक्टर द्वारा बताया गया की कार्य मैपिंग का शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया केन बेतवा परियोजना के तहत सर्वे का काम तेज गति से चल रहा है अगले तीन माह में

भोपाल में शादीशुदा महिला से छेड़छाड़: अश्लील वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के छोला मंदिर थाना क्षेत्र से एक छेड़खानी करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शादीशुदा महिला ने अपने ही मोहल्ले के युवक पर लगातार छेड़खानी और धमकाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी उसे अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डराता था। पुलिस के मुताबिक 32 साल की यह महिला छोला मंदिर इलाके की एक बस्ती में रहती है। उसी मोहल्ले में दीपक गौर नाम का युवक भी रहता है। आसपास रहने की वजह से दोनों के बीच पहले सामान्य बातचीत होती थी। दीपक कई बार महिला के घर भी आया-जाया करता था। लेकिन कुछ समय पहले उसका व्यवहार अचानक बदल गया।

विरोध करने पर धमकाता था आरोपी

महिला ने बताया कि दीपक उसके साथ छेड़खानी करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने धमकी दी कि उसके पास महिला का आपत्तिजनक वीडियो है और वह उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। बदनामी के डर से महिला कुछ समय तक चुप रही, लेकिन दीपक ने इसी का फायदा उठाकर उसे और परेशान करना शुरू कर दिया।

मौका मिलते ही करता था अश्लील हरकतें

महिला का आरोप है कि जब भी वह अकेली होती, दीपक मौका देखकर अश्लील हरकतें करता था। आखिरकार तंग आकर महिला ने रविवार को छोला मंदिर थाने पहुंचकर पूरी बात पुलिस को बताई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी दीपक गौर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी के पास वास्तव में कोई आपत्तिजनक वीडियो है या नहीं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया विशेष सत्र की तैयारियों का निरीक्षण

पहले विधानसभा सत्र के 75 साल पूरे होने पर बैठक, सुरक्षा-प्रबंधों की ली जानकारी

भोपाल/नवप्रदेश। विधानसभा के बुधवार को होने वाले विशेष अधिवेशन की तैयारियों का जायजा सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने लिया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा और विधानसभा सचिवालय के अफसरों को सुरक्षा प्रबंधों और बैठक व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। विधानसभा का यह विशेष सत्र मध्यप्रदेश विधानसभा के गठन के बाद पहली बैठक के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुलाया गया है। विधानसभा सचिवालय ने बैठक में शामिल होने वाले विधायकों को सत्र की सूचना भेज दी है। इस बैठक के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने एजेंडा भी तय कर दिया है। कांग्रेस, बीजेपी और अन्य दलों के नेता इस बैठक में मध्यप्रदेश के विकास को लेकर अपने विचार रखेंगे। बैठक में मध्यप्रदेश को विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने पर चर्चा होगी जिसमें कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों से दस-दस विधायकों को बोलने का मौका दिया जाएगा।

यह है विधानसभा का इतिहास

26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद देश में सन् 1952 में पहले आम चुनाव हुए, जिसके कारण संसद एवं विधान मंडल कार्यशील हुए। प्रशासन की दृष्टि से इन्हें श्रेणियों में विभाजित किया गया था। सन् 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के चलते 1 नवंबर 1956 को नया राज्य मध्यप्रदेश बना। इसके घटक राज्य मध्यप्रदेश, मध्यभारत, विंध्य प्रदेश एवं भोपाल थे जिनकी अपनी विधान सभाएं थीं। मध्यप्रदेश के गठन के बाद यहां पहले से काम कर रहीं मध्यप्रदेश विधानसभा, मध्यभारत विधानसभा, विंध्य प्रदेश विधानसभा और भोपाल विधानसभा को मर्ज कर दिया गया। इसके बाद 1 नवंबर 1956 को पहली मध्यप्रदेश विधानसभा अस्तित्व में आई। इस विधानसभा का पहला अधिवेशन 17 दिसंबर 1956 को और अंतिम अधिवशन 17 जनवरी 1957 को हुआ।

दिल्ली में घने कोहरे का असर, भोपाल में उड़ानें प्रभावित: दिल्ली:भोपाल रूट की 4 उड़ानें लेट

एक जोड़ी रद्द, यात्रियों से संपर्क में रहने की अपील

भोपाल/नवप्रदेश। दिल्ली में खराब मौसम और घने कोहरे के कारण रविवार को भोपाल एयरपोर्ट पर हवाई परिचालन प्रभावित रहा। सुबह 12 बजे तक दिल्ली से भोपाल आने-जाने वाली कई उड़ानों में देरी दर्ज की गई, जबकि एक जोड़ी उड़ान रद्द कर दी गई।

एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार दिल्ली:भोपाल सेक्टर की इंडिगो की फ्लाइट 6E6602 और एयर इंडिया की AI1705 देरी से भोपाल पहुंचीं। इसके चलते इन उड़ानों की वापसी में जाने वाली 6E6603 और AI1886 भी लेट रहीं। वहीं, खराब मौसम के चलते इंडिगो की 6E6364/6365 (दिल्ली: भोपाल:दिल्ली) उड़ान जोड़ी को रद्द कर दिया गया। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे एयरपोर्ट आने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइंस से उड़ान की ताज़ा स्थिति जरूर जांच लें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। दिल्ली में मौसम सामान्य होने के बाद परिचालन के पटरी पर लौटने की उम्मीद जताई जा रही है।

आने वाले वर्षों में इंदौर देश के अग्रणी महानगरों में होगा शामिल : सीएम यादव

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक, इंदौर के विकास के लिये हुये कई अहम निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर को दी विकास की अनेक सौगातें

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को ब्रिलियेंट कन्वेशन सेंटर में इंदौर के विकास को नई गति देने के लिये महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकास की अनेक सौगाते दीं। अधोसंरचनात्मक विकास को नई गति देने के लिये कई अहम निर्णय भी बैठक में हुये। इस मैराथन बैठक में इंदौर और उसके विस्तृत मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई बड़े निर्णय लिए गए। बैठक में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और विशेषज्ञों ने सहभागी होकर शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, यातायात, उद्योग, शिक्षा, मेट्रोपॉलिटीनरिजन, पूर्व एवं पश्चिमी बायपास, इकॉनामिक कारिडोर, स्थानीय परिवहन, आईटी, पर्यटन और मास्टर प्लान से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बैठक इंदौर के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी परियोजनाएँ धरातल पर उतरेंगी और इंदौर आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी महानगरों में शामिल होगा।

भूमिगत होगा मेट्रो का प्रमुख हिस्सा-राज्य सरकार देगी 800: 900 करोड़ रुपए

बैठक में मेट्रो परियोजना के रूट निर्धारण पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि मूल प्रस्ताव संशोधित होने के बाद भी समस्याएँ बनी रहीं, इसलिए सुझाव आया कि मेट्रो के मुख्य हिस्से को पूरी तरह भूमिगत किया जाए। मुख्य हिस्से को भूमिगत करने के लिये निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए लगभग 900 करोड़ रुपये का भार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय इंदौर के भविष्य को देखते हुए लिया गया है ताकि मेट्रो का अधिकतम लाभ जनता को मिले और यातायात प्रबंधन बेहतर हो।

एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर की यह परियोजना इंदौर शहर के यातायात के लिये अतिमहत्वपूर्ण है। इसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाये। एलिवेटेड कॉरिडोर के जंक्शन, रोटरी, लंबाई आदि पर शीघ्र तकनीकी व जनप्रतिनिधियों की बैठक कर अंतिम डिज़ाइन तय करें। बैठक में बीआरटीएस हटने के बाद शहर में नए वैज्ञानिक ट्रैफिक सर्वे के आधार पर एकीकृत ट्रैफिक प्लान तैयार करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यह परियोजना आने वाले 25ङ्क50 वर्षों तक इंदौर की ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान देगी।

इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का होगा विस्तार—14,000 वर्ग किमी में जुड़ेगा पूरा मालवा

बैठक में इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को भविष्य की दृष्टि से विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में उज्जैन, देवास, धार, रतलाम, नागदा, बदनावर और शाजापुरङ्कमक्सी क्षेत्रों के साथ जोड़कर लगभग 14,000 वर्ग किलोमीटर का मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में पाँच से अधिक बड़े रेलवे जंक्शन,एक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट,उज्जैन और रतलाम के भविष्य के एयरपोर्ट,दिल्लीङ्कमुंबई एक्सप्रेस-वे,दिल्लीङ्कमुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर,इंदौरङ्कमनमाड़ रेल लाइन इन्हें आधार बनाकर इंदौर को देश का बड़ा व्यापारङ्कउद्योगङ्कपर्यटन हब बनाने की योजना है।

बैठक में एमआर-10 के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार्टअप पार्क और कन्वेंशन सेंटर की स्थापना का निर्णय लिया गया। बताया गया कि भारत सरकार भी इस प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने को तैयार है। यह इंदौर को मध्य भारत का सबसे बड़ा इनोवेशन सेंटर बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को नई दिल्ली के भारत भवन के तर्ज पर विकसित किया जाये। बताया गया कि कन्वेंशन सेंटर की लागत 550 से 600 करोड़ के लगभग है। इसे तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका संचालन पीपीपी के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। इसकी इंडोर क्षमता 5 हजार और आउट डोर क्षमता 10 हजार रहेगी।

हुकुमचंद मिल परियोजना बनेगी देश के लिये मॉडल

बैठक में बताया गया कि हुकुमचंद मिल परियोजना का क्रियान्वयन जल्द प्रारंभ होगा। इस मिल की भूमि का पंजीयन मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के नाम पर हो गया है। भूमि हस्तांतरित कर दी गयी है। सम्पूर्ण 17.5 हेक्टेयर भूमि के विकास के लिये डीपीआर तैयार हो गयी है। निविदा की कार्यवाही प्रचलित है। आगामी तीन वर्षों में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस भूमि का ऐसा विकास किया जाये,जो देश के लिये मॉडल हो। इसमें देश की शीर्षस्थ नियोजकों की मदद ली जाये। बड़े निवेशकों को भी निवेश के लिये प्रोत्साहित किया जाये। बैठक में पलासिया स्थित पीडब्ल्यूडी की 12 हेक्टेयर भूमि के पुनर्घानत्वीकरण (Redevelopment) के लिए निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इसके प्लान में विशेष रूप से ग्रीनरी, हवा की गुणवत्ता और खुले स्थानों को संरक्षित करने पर जोर दिया।

स्मार्ट इंदौर—आईटी, सीसीटीवी, फ्यूचर-रेडी सिस्टम

बैठक में इंदौर शहर को फ्यूचर रेडी बनाने के लिए निर्णय लिये गये। इसके तहत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्मार्ट सीसीटीवी नेटवर्क स्थापना,उन्नत आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने,ई-बस प्रोजेक्ट संचालित करने,स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम लागू करने आदि पर तेज़ी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि पीएम ई-बस सेवा का संचालन होगा। इसके तहत 270 ई-बसें चलायी जायेंगी। यह बसें आगामी मार्च माह से शहर में चलना शुरू हो जायेंगी। इससे सार्वजनिक परिवहन को बड़ावा मिलेगा।

स्लम-फ्री इंदौर और आवास योजना

शहर की झुग्गी बस्तियों के पूर्ण पुनर्वास के लिए उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़कर स्थायी आवास देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि इसके तहत आगामी तीन वर्षों में डेढ़ लाख घर बनाये जायेंगे। इसके लिये वर्तमान में 10 स्थानों के लिये डीपीआर तैयार की जा रही है।

डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हो रहा प्रदेश का चहुंमुखी विकास : प्रभारी मंत्री परमार

लाडली बहनों को मिल रहे हर माह 1500 रुपए - प्रभारी मंत्री श्री परमार

प्रभारी मंत्री श्री परमार ने दमोह में गिनाई राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियां

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार पूरे मध्यप्रदेश को लाभान्वित करने की योजना बना रही है। इस अनुक्रम में हमारे युवाओं व नौजवानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए एवं रोजगार देने वाले बनाने के लिए सरकार लगातार रोजगार मेले का आयोजन कर रही है। प्रतिवर्ष सरकार बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार देने का और ऋण सहायता उपलब्ध कराने का काम सरकार कर रही है। 2 वर्ष में प्रदेश की सरकार ने जो कार्य किये है, उससे प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। यह बात प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने, प्रभार जिले दमोह के एक निजी होटल में राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा राज्य में जितने भी तकनीकी शिक्षण संस्थान हैं, उनको उद्योग जगत से जोड़ने का काम किया जा रहा है, ताकि हमारा सिलेबस उद्योग जगत के हिसाब से बन सके और उद्योगों को ट्रेन्ड वर्कफोर्स मिल सके। उन्होने कहा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति रिसर्च को आगे बड़ाने का काम कर रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा साथी रिसर्च करें। श्री परमार ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान सरकार की सभी योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है, लाड़ली बहना योजना में प्रत्येक महिला को 1500 रूपये प्रतिमाह प्रदान किये जा रहे है, जिससे महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा हमारे आध्यात्मिक केंद्र जो बहुत समृद्ध हुआ करते थे, उनकी ख्याति सम्पूर्ण विश्व में होती थी, लेकिन इस कालचक्र में उनका विकास अवरूद्ध हो गया था, उनको फिर से स्थापित करने का काम प्रदेश सरकार ने किया है। महाकाल लोक, ओंमकारेश्वर लोक और रामराजा लोक ओरछा इसके उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके साथ ही अनेक प्राचीन विरासतों, धरोहरों के पुनरुत्थान और संरक्षण का कार्य सरकार कर रही है, जिससें प्रदेश का धार्मिक महत्व बढ़ेगा और पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार को निवेश को लेकर प्रस्ताव मिले है,

परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले को चालानी कार्रवाई के लिये मिली पीओएस मशीनें

भोपाल/नवप्रदेश। परिवहन विभाग ने प्रदेश में वाहन चेकिंग की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने तथा सुशासन के उद्देश्य से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत राज्य के परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर दिया है। इनके स्थान पर 45 रोड सेफ्टी एण्ड इन्फोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट जाँच का कार्य कर रहे हैं। जाँच कार्य के लिये प्रवर्तन बल(इन्फोर्समेंटफोर्स) को बॉडीवॉर्न कैमरे उपलब्ध कराये गये हैं। इन कैमरों की निगरानी में पीओएस मशीन के माध्यम से वाहनों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्रवाई की जा रही है। राज्य में प्रवेश करने वाले अन्य राज्यों के वाहनों द्वारा ई-चेकपोस्ट मॉडल के माध्यम से ऑनलाइन मोटरयान कर जमा करने की सुविधा दी गई है। प्रवर्तन अमले द्वारा बॉडीवॉर्न कैमरे का उपयोग करने से वाहन चेकिंग के दौरान प्रत्येक कार्यवाही की मॉनीटरिंग वास्तविक समय (रियल टाइम) में कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर के माध्यम से की जा रही है। परिवहन विभाग की इस व्यवस्था से न केवल वाहन चालकों में विश्वास ब?ा है, बल्कि वाहन चेकिंग के दौरान आने वाली अवैध वसूली की शिकायतेंभी काफी कम हो गई हैं। इस व्यवस्था से परिवहन विभाग ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इण्डिया के सपने को साकार किया है। परिवहन विभाग के अमले को पीओएस मशीन उपलब्ध कराने से वाहनों के विरुद्ध की जाने वाली चालानी कार्रवाई को ऑनलाइन तथा कैशलेस रूप में किया जा रहा है। प्रदेश में मोटरयान परिवहन से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन पर स्व-चलित पद्धति ई-डिटेक्शन को

नए साल में होगी भोपाल निगम परिषद की मीटिंग: एमआईसी में 26 मुद्दों पर मंथन

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल नगर निगम की एमआईसी यानी मेयर इन कौंसिल की मीटिंग सोमवार को हुई। इसमें कुल 26 मुद्दों पर मंथन हुआ, लेकिन हाईराइज बिल्डिंग प्रोजेक्ट समेत 3 विषयों को मंजूरी नहीं दी गई। साथ ही चर्चा की कि परिषद की बैठक नए साल में की जाएगी। महापौर मालती राय, निगम कमिश्नर संस्कृति जैन की मौजूदगी में बैठक हुई। बैठक में मानस भवन के पास झुग्गियों के 27 परिवारों को मालीखेड़ी में विस्थापित किए जाने को लेकर चर्चा की गई। यहां ईडब्ल्यूएस स्लम श्रेणी के आवासों को 27 परिवारों के लिए आरक्षित किए जाने की मंजूरी दी गई। बता दें कि ये परिवार यहां से हटने के लिए तैयार नहीं हैं। इसे लेकर कांग्रेस भी मैदान में उतर चुकी है। दूसरी ओर जिला प्रशासन भी झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

इन 3 विषयों पर सहमति नहीं

बैठक में जिन 3 विषयों पर सहमति नहीं दी गई, उनमें भवन निर्माण और बड़ा तालाब को मत्स्याखेट के लिए पट्टे पर दिए जाने का प्रस्ताव शामिल है। प्रधानमंत्री

आवास योजना के तहत प्लाट नंबर-47 और 49 आवासीय सह व्यवसायिक प्रोजेक्ट के हाईराइज भवन के लिए प्राप्त निविदा को लेकर चर्चा की गई। वहीं, राजेंद्र नगर आवासीय परियोजना के लिए स्वीकृति संबंधित प्रस्ताव पर हामी नहीं भरी गई। बड़ा तालाब पर मछली पालन को लेकर प्रस्ताव पर भी सहमति नहीं दी गई है।

एमआईसी में इन प्रस्तावों को मंजूरी

वर्ष 2025-26 सर्दी के मौसम में लगने वाली अस्थाई दुकानों की अनुमति।

पार्किंग स्थलों को ठेके पर दिए जाने की मंजूरी दी गई।

दुकान/भूखंड के आवंटन निरस्त हुए प्रकरणों में बकाया राशि जमा कराने के संबंध में।

मानस भवन के पास स्थित झुग्गियों के 27 परिवारों को मालीखेड़ी में विस्थापन किए जाने के लिए ईडब्ल्यूएस स्लम श्रेणी के आवासों को आरक्षित किए जाने की स्वीकृति दी गई।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत गंगानगर नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस परियोजना में आवासों के रजिस्ट्रेशन के बाद 46 हितग्राहियों की स्वीकृति।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत भौंरी नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस परियोजना में आवासों के रजिस्ट्रेशन के बाद19 हितग्राहियों की स्वीकृति।

नगर निगम भोपाल द्वारा अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत अंशदान की राशि ग्रीन म्युनिसिपल बांड के माध्यम से जुटाने के लिए प्रस्ताव।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत वाजपेयी नगर टीन शेड में निवासरत 157 परिवारों के सर्वे सत्यापन हितग्राही चयन के संबंध में।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के लिए दीपड़ी, राजेंद्र नगर, कलखेड़ा फेस-2 के संबंध में।

जिला अधिकारी जन-प्रतिनिधियों के साथ करें सतत संवाद : मंत्री सिंह

कटनी जिला विकास सलाहकार समिति की हुई बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। परिवहन एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बेहतर परिणाम के लिये जिला अधिकारी जन-प्रतिनिधियों के साथ सतत संवाद करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहाँ समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रतिनिधि के सेवाभाव से विकास को नई गति दी जायेगी। मंत्री श्री सिंह शनिवार को कटनी जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सांसद डॉ. व्ही.डी. शर्मा, विधायक सर्वश्री संजय सत्येन्द्र पाठक, श्रीप्रसाद जायसवाल, प्रणय प्रभात पाण्डेय और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा भी मौजूद थीं। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सदस्यों से कहा कि आगामी बैठक में क्षेत्र की समस्याओं से समिति को अवगत कराया जाये, जिससे उनका निराकरण किया जा सके। बैठक में बताया गया कि जल्द ही जिले के लिये स्वीकृत मेडिकल भवन का भूमिपूजन किया जायेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि जल निगम द्वारा जुलाई, 2026 तक पवई-2 परियोजना में कटनी और रीठी के 159 गाँवों में जल आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी। जिले में हाल ही में हुई माइनिंग कान्क्लेव के बाद 46 खनिज खदानें स्वीकृत हुई हैं। इमलिया गोल्ड माइन के उत्खनन के लिये अनुबंध पूरा कर लिया गया है। प्रभारी मंत्री ने डोलोमाइट की ट्रांसपोर्टिंग को रोकने तथा जिले में ही उसकी खपत बढ़ाकर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने जानकारी दी कि औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया तखला में उद्योगपतियों को 32 प्लॉटों का आवंटन किया जा चुका है। जिले में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत सरसों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नरवाई प्रबंधन के लिये अच्छे कार्यों की जानकारी दी गई।

सुविचार

आसान नहीं है अपने ढंग से जी पाना। अपनों को भी खटकने लगते हैं जब आप अपने ढंग से जीने लगते हैं। -अज्ञात

नितिन नबीन को भाजपा की कमान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अकसर चौकानें वाले फैसले लेते हैं। इसी क्रम में भाजपा ने बिहार के लोकनिर्माण मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का निर्णय लेकर सबको चौंका दिया है। इस पद के लिए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर प्रहलाद जोशी तक लगभग आधा दर्जन वरिष्ठ नेताओं के नाम की अटकलें लगाई जा रही थी। किन्तु भाजपा ने नितिन नबीन पर भरोसा जताया जो युवा नेता है। नितिन नबीन चार बार के विधायक हैं और वर्तमान में बिहार की नीतीश कुमार सरकार में लोकनिर्माण मंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी रहे हैं और उनके ही नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा संगठन को मजबूती मिली थी जिसका सुपरिणाम यह निकला कि छत्तीसगढ़ में भाजपा लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने में सफल हुई थी। बिहार विधानसभा चुनाव में भी नितिन नबीन ने मोर्चा संभाला था और संगठन को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी जिसकी वजह से बिहार में भाजपा और एनडीए ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की। नितिन नबीन की सांगठनिक क्षमता को देखकर ही भाजपा ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह भी एक संयोग है कि इसके पूर्व जब नितिन गडकरी को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था तब उनका भी नाम इस पद की दौड़ में नहीं था वे भी महाराष्ट्र सरकार में लोकनिर्माण मंत्री थे। नितिन नबीन भी इस पद की दौड़ में शामिल नहीं थे और वे बिहार में लोकनिर्माण मंत्री हैं। भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर यह भी संदेश दे दिया है कि भाजपा अब दूसरी पीढ़ी को आगे बढ़ाने की कवायद कर रही है। इसके लिए भाजपा ने जातिगत समीकरण को दरकिनार करते हुए योग्यता को महत्व दिया है। नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जिनकी संख्या बिहार में मुश्किल से डेढ़ प्रतिशत ही है। इसके साथ ही भाजपा नेतृत्व ने अपने कार्यकर्ताओं को इस बात का भी संकेत दिया है कि यदि वे पार्टी के प्रति निष्ठावान रहते हैं और ईमानदारी से संगठन का का करते हैं तो उनकी योग्यता और क्षमता के अनुरूप उन्हें पार्टी सम्मानजनक स्थान प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं। जहां अन्य पार्टियों में अध्यक्ष पद किसी राजनीतिक परिवार की बपौती बनकर रह गया है वहीं भाजपा परिवारवाद से दूर रहकर पार्टी के साधारण कार्यकरता को भी उच्च पदों पर आसीन करती है। बहरहाल नितिन नबीन के नेतृत्व की अग्नि परीक्षा बंगाल और असम विधानसभा चुनाव में होगा। भाजपाई उम्मीद कर रहे हैं कि युवा नेतृत्व भाजपा को इसी तरह चुनाव में सफलता दिलाने में सफल होगा।

प्रधानमंत्री के खिलाफ फिर आपत्तिजनक नारे

कांग्रेस पार्टी ने एसआईआर के खिलाफ हल्ला बोलते हुए देश की राजधानी नई दिल्ली में बड़ी रैली की जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि वोट चोरी करना देश से गद्दारी है और इन गद्दारों को हराना जरूरी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को उछालते हुए चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा और चुनाव आयोग के अधिकारियों को खुली धमकी दी कि जिस दिन भी कांग्रेस सत्ता में आएगी चुनाव आयोग के इन अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा भले ही वे रिटायर हो जाएंगे। कांग्रेस नेताओं के ये आरोप फिर भी स्वाभाविक है लेकिन रैली के दौरान जयपुर कांग्रेस की अध्यक्ष सहित कई कांग्रेसियों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाये उन्होंने मोदी तेरी कब्र खुदेगी आज नहीं तो कल खुदेगी। इस तरह के अपमानजनक नारे लगाकर ये कांग्रेसी खुद अपनी पार्टी की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। इसके पूर्व जब जब कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक अपशब्द कहे हैं तब तब भाजपा को और बड़ी जीत मिली है। इसका हालिया उदाहरण बिहार विधानसभा के चुनाव परिणाम हैं जहां मोदी को मां की गाली दी गई थी और बिहार में महागठबंधन का सुपड़ा ही साफ हो गया था। इसके बावजूद कांग्रेस ने सबक नहीं लिया।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जो कुछ भी बनना है वह आज और अभी बनना है; न अतीत से कुछ बनना है, न भविष्य में कुछ बनना है।

◆ आज की सारी दुनिया परिणाम देखती है पर कोई बीज नहीं देखता। आपके दुख का एक मात्र कारण है कि आप भी केवल परिणाम देख रहे हो। उन्होंने ऐसे कह दिया ! उन्होंने वैसे कह दिया ! कितना भी सीख दे के देखो अपने सुख और दु:ख के कारण तुम स्वयं हो।

◆ जब तक कारण को जानोगे नहीं, निवारण कैसे होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1991 - कजाखस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1985 - तमिलनाडु के कलपक्कम में पहले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफब्रीटीआर) की स्थापना। 1971 - भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से पृथक् होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना। 1959 - पश्चिमी पाकिस्तान के लोवाराय दर्रे में भारी बर्फबारी से 48 लोगों की मौत। 1958 - कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक गोदाम में लगी भीषण आग में 82 लोगों की मौत। 1951 - हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय की स्थापना की गयी। 1929 - कलकत्ता (अब कोलकाता) विद्युत आपूर्ति निगम ने हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई आरंभ की। 1927 - आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन ने न्यूसाउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट की शुरुआत की। 1889 - ब्रिटिश संसद की अधिकार घोषणा को राजा विलियम तथा रानी मेरी ने स्वीकार कर शासन में जनता के अधिकार को मान्यता दी 1862 - नेपाल ने संविधान को अपनाया।

छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष : संघर्ष, संकल्प और समग्र विकास की स्वर्णिम यात्रा

लोकेश्वर सिंह
डॉ. ओमप्रकाश डहरिया
सहायक जनसंपर्क अधिकारी

1 नवंबर 2000 को भारत के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ एक नए राज्य के रूप में उभरा। मध्यप्रदेश से पृथक होकर बने इस राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में न केवल अपनी पहचान गढ़ी, बल्कि विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन के कई नए प्रतिमान भी स्थापित किए। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर, आदिवासी संस्कृति से समृद्ध और कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ की यह यात्रा चुनौतियों से शुरू होकर आत्मविश्वास और उपलब्धियों तक पहुँची है।

युवा, रोजगार और भविष्य की दिशा

आज का छत्तीसगढ़ युवा राज्य है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार योजनाओं ने युवाओं को नए अवसर दिए हैं। स्टार्टअप, डिजिटल सेवाएं और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और सतत विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा हैं, जहां संघर्ष से संकल्प और संकल्प से सफलता की कहानी लिखी गई। यह विकास केवल इमारतों, सड़कों और आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान की समृद्धि, आदिवासी के अधिकार, महिला की आत्मनिर्भरता और युवा के सपनों में दिखाई देता है। रजत जयंती के इस पड़ाव पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर देख रहा है। एक ऐसा भविष्य, जो समावेशी, टिकाऊ और उज्ज्वल है। यही 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले कल की सबसे मजबूत नींव है।

राज्य गठन और प्रारंभिक चुनौतियाँ

राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ के सामने अनेक समस्याएँ थीं, कमजोर अधोसंरचना, सीमित औद्योगिक आधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की चुनौती। ग्रामीण और आदिवासी बहुल अंचलों में सड़क, बिजली, पानी और प्रशासनिक पहुंच का अभाव स्पष्ट था। ऐसे में शुरुआती वर्षों में सरकार का प्रमुख लक्ष्य मजबूत प्रशासनिक ढांचा खड़ा करना और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार रहा। नई राजधानी नवा रायपुर (अटल नगर) की परिकल्पना, जिलों और तहसीलों का पुनर्गठन, पंचायत और नगरीय निकायों को सशक्त बनाना, इन प्रयासों ने विकास की नींव रखी। विकेंद्रीकरण के माध्यम से योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया।

कृषिः छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़

छत्तीसगढ़ को ÷धान का कटोरा÷ कहा जाता है और कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। पिछले 25 वर्षों में सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण और किसान हितैषी नीतियों ने खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, डिजिटल पंजीकरण और समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को आर्थिक सुरक्षा दी। इससे न केवल किसान की आय बढ़ी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली। आज छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था देशभर में एक मॉडल के रूप में देखी जाती है।

आदिवासी विकास और सामाजिक न्याय

छत्तीसगढ़ की आत्मा उसके आदिवासी समाज में बसती है। राज्य गठन के बाद अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रयास किए गए। वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टों का वितरण, छात्रावास और छात्रवृत्ति योजनाएं, स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम-इन सबने सामाजिक न्याय को मजबूत किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका ऐतिहासिक रही है। लाखों ग्रामीण महिलाएं आज आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं और ग्रामीण विकास की धुरी बन चुकी हैं।

शिक्षा और स्वास्थ्य में परिवर्तन

शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज, आईटीआई और विश्वविद्यालय स्थापित हुए। नवोदय, एकलव्य और आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों तक सुविधाओं का विस्तार हुआ। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और आपातकालीन सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

औद्योगिक विकास और अधोसंरचना

खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इस्पात, बिजली, सीमेंट और एल्युमिनियम उद्योगों ने राज्य की आर्थिक ताकत बढ़ाई। साथ ही एमएसएमई, फूड प्रोसेसिंग और आईटी जैसे नए क्षेत्रों को भी प्रोत्साहन मिला। सड़क, रेलवे, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने विकास को गति दी। गांव-गांव तक बिजली और सड़क पहुंचने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को नया आधार मिला।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की रोशनी

नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की सबसे जटिल चुनौतियों में से एक रहा है। लेकिन सुरक्षा उपायों के साथ-साथ विकास को प्राथमिक हथियार बनाकर सरकार ने बड़ा बदलाव किया। सड़कों, मोबाइल नेटवर्क, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार ने उन क्षेत्रों में भी उम्मीद जगाई, जहां कभी भय का माहौल था। विकास और संवाद ने शांति की राह खोली।

सुशासन, तकनीक और पारदर्शिता

पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने सुशासन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाएं, जनदर्शन और समयबद्ध सेवा गारंटी जैसी पहलों ने प्रशासन को जनता के करीब लाया। पारदर्शिता और जवाबदेही से योजनाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचा।

सांस्कृतिक पहचान और छत्तीसगढ़ी अस्मिता

छत्तीसगढ़ की लोककला, नृत्य, संगीत, तीज-त्योहार और भाषा को राज्य स्तर पर संरक्षण और प्रोत्साहन मिला। यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण विकास के साथ-साथ पहचान और गर्व का प्रतीक बना। राज्य ने यह सिद्ध किया कि आधुनिकता और परंपरा साथ-साथ चल सकती हैं।

युवा, रोजगार और भविष्य की दिशा

आज का छत्तीसगढ़ युवा राज्य है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार योजनाओं ने युवाओं को नए अवसर दिए हैं। स्टार्टअप, डिजिटल सेवाएं और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और सतत विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा हैं, जहां संघर्ष से संकल्प और संकल्प से सफलता की कहानी लिखी गई। यह विकास केवल इमारतों, सड़कों और आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान की समृद्धि, आदिवासी के अधिकार, महिला की आत्मनिर्भरता और युवा के सपनों में दिखाई देता है। रजत जयंती के इस पड़ाव पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर देख रहा है। एक ऐसा भविष्य, जो समावेशी, टिकाऊ और उज्ज्वल है। यही 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले कल की सबसे मजबूत नींव है।

नाभिकीय ऊर्जा मिशन

अनिल काकोडकर

मुझे लगता है कि दुनिया भर में नाभिकीय ऊर्जा को ज़्यादा बढ़ावा देने के कारण, नाभिकीय पुनर्चक्रण पर ज़्यादा ज़ोर देना ज़रूरी होगा। इस तरह, फ्रंट एंड की तुलना में बैकएंड ईंधन चक्र, उतना ही बड़ा या उससे भी बड़ा उद्योग बन जाएगा। थोरियम, जो प्रसार प्रतिरोध उपलब्ध कराता है, इस मामले में और भी ज़्यादा ज़रूरी हो जाता है। हमें यह मानना ? होगा कि हमारे क्वाड्ड्र क्रसिस्टम सबसे ज़्यादा लचीले हैं और कई तरह के ईंधन चक्र को सरल बनाने के लिए सबसे सही हैं, खासकर थोरियम की ओर हमारे संक्रमण की योजना के मामले में। जबकि थोरियम को विखंडनीय यूरेनियम-233 में बड़े पैमाने पर बदलने के लिए दु्रत प्रजनक विकास को तेज़ करने की ज़रूरत है, अब जब हम आयातित यूरेनियम का इस्तेमाल करके बड़ी क्वाड्ड्रक्षमता सेट अप कर सकते हैं, तो क्वाड्ड्रह्र ऐसा करने और थोरियम के इस्तेमाल की दिशा में हमारी तरक्की को तेज़ करने का एक आसान विकल्प देते हैं।

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 GW बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालाँकि यह बहुत महत्वाकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष?य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 वक्ड्ड से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि NPCIL, NTPC और BHAVINI के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग

एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए। PHWR प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस?पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए NPCIL को अपने प्रोग्राम को कार्यान?वित करते समय PHWR प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात?मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक?व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक?त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।

निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा।

निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस?तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाज़ार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है। इसलिए अपने बड़े थोरियम भंडारों के साथ भारत को जल्द से जल्द थोरियम पर स्विच कर लेना चाहिए और ऊर्जा सुरक्षित बनना चाहिए। इसके लिए हमारे थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के विकास में तेज़ी लाने की ज़रूरत है। थोरियम का इस्तेमाल और यूरेनियम से बहुत ज़्यादा एनर्जी वैल्यू पाना, जो किसी भी तरह से आज के समय की ज़रूरत बन जाएगी, इसमें नाभिकीय ऊर्जा का पुनर्संसाधन और पुनर्चक्रण करना ज़रूरी होगा। इस तरह संवृत नाभिकीय ईंधन चक्र में हमारी काबिलियत एक सुरक्षित और अनवरत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और भरोसेमंद दीर्घकालिक नाभिकीय अपशिष?ट प्रबंधन में काम आएगी। हालांकि, यह एक संवेदनशील व नाभिकीय प्रौद्योगिकी है और इसका शासन और नियंत्रण सरकार के पास ही रहना चाहिए। अमेरिका सहित ज़्यादातर देश इस्तेमाल किए गए नाभिकीय ईंधन के स?थाई निपटान का मुद्दा नहीं सुलझा पाए हैं। निजी नाभिकीय प्रतिष?ठान और सरकारी नाभिकीय पुनर्चक्रण ऊद्योग के बीच ईंधन प्रबंधन इंटरफेस को कानून में ठीक से शामिल करने की ज़रूरत है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ लम्हे जब

कुछ लम्हे जब फुरसतिया हुए तुम याद आए, काम से हम जब थक कर चूर हुए तुम याद आए, और याद आया तुम्हारे साथ रातों को, रात रात भर तकना और यूँ ही बेमतलब की बातें करना बेमतलब का हंसना, सुनो बेमतलब कुछ नहीं था यह तब जाना जब उन यादों ने मतलब बताते हुए गीले नयनों को आज हंसाया, अच्छा है तुम्हारा यूँ एक याद बन जाना और मुझे हंसाना। **- शुचि 'भवि'**

क्या यही चेहरा

क्या यही चेहरा यही बदन और बदन पर नूर होगा क्या यही सोचकर कहा है आपने कि रिश्ता अगले जन्म भी जरूर होगा ना ये चेहरा ना ये रूप ना ही ये बदन होगा अगर मिल भी जाएं तो पहचान ही लेंगे क्या आपमें इतना हुनर होगा अजी जाइए हम ना करेंगे वादा जन्म हो ना हो अभी क्या खबर होगा आप ही को है इतनी तलब इश्क की अजी हमपर ना इस बात का असर होगा क्या यही चेहरा.... **- प्रीति श्रीवास्तव**

बीते जा रहे हैं दिन - एक पल के बाद

बीते जा रहे हैं दिन - एक पल के बाद दूसरा पल और दूसरे के बाद तीसरा पल पल में ही बीते जा रहे हैं दिन - और दिन दिन करते बीते जा रहे हैं महीने फिर वर्ष - मन में पल रही है कुंठा , जलन , क्रोध , प्रतिस्पर्धा के भाव - और ऐसे ही लग रहा जीवन का दाव - अनमोल जीवन मिट्टी में लाकर चल देता है मनुष्य छोड़ यहीं का पाया यहीं पर!!! **- सीमा राय**

अपनों से आशा नहीं दूसर से क्या आस

अपनों से आशा नहीं दूसर से क्या आस । राम भरोसे आस रख जो है सबके पास ।। राम संवारत काज है ऊंच नीच नहिं भेद। क्यूं प्राणी करता नहीं निज करनी पर खेद ।। पहले तो गलती करे फिर पीछे पछिताय । काज बिगारे अपनों रामहि दोष लगाय ।। पहले सुमिरन यदि करे सफल होय सब काम। दुख में सुमिरन होत नहि दोष लगावत राम ।। **- अजय मिश्रा अभिज्ञ**

फूलों का क्या दोष , जिन्हें राहों में

फूलों का क्या दोष , जिन्हें राहों में बिखराया जाता है कभी कहो इन पूजनियों से, चार फूल उठाकर देखें लूट का माल है पैरों में पड़ा जो, तुझे तो दिखता होगा घाव नहीं भाव मर गए, मसले फूलों को उठाकर देखें। **-केदारशब्द मसीहा**

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक बार

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक बार आईना देखा... देखे सच सैकड़ों होते हुए बदन पर शफ़्फ़ाक और देखा कि बिछड़ गया क्या क्या... कोई कह दे ज़रा इक बार तो जाकर उसको वो गया जब से इस आईने ने , न आईना देखा... **- प्रियंवदा अवस्थी**

जग में हरि नाम विचार करे, मुरलीधर

जग में हरि नाम विचार करे, मुरलीधर प्रान पियार बतावत। नयना कजरी बदरी बनिके, अँसुवा भरिके हरि लोहि लगावत। हथवा कँगना गल हार हरी, मथवा बिंदिया हरि नाम सजावत। पग पायल जोहत बाट पिया, घुंघरू स्वर कंत बिना हि डरावत। **- राजकिशोर मिश्र राज**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज एक समय मे मन दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी। सेहत में छोटे मोटे विकार लगे रहेंगे।

वृषः आज का दिन मिश्रित फल प्रदान करेगा। कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर मनमाना व्यवहार करेंगे इससे आप तो निश्चिन्त रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे। मानसिक अंतर्द्वन्द को छोड़ सेहत ठीक रहेगी।

कर्कः आज भी बचते बचते कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है। आप जल्दी से किसी विवाद में नही पड़ेंगे लेकिन वातावरण ही ऐसा बनेगा ना चाहकर भी क्रोध आयेगा।

सिंहः आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया परिश्रम का फल संध्या बाद से दिखने लगेगा लेकिन प्राप्ति में अड़चनें आएंगी। बदन दर्द स्नायु तंत्र में दुर्बलता रहेगी।

कन्याः आज के दिन मन कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा फिर भी जबरदस्ती करेंगे। व्यवसायी वर्ग अधूरे कार्य पर ज्यादा ध्यान दें आज धन पाने का यही एक साधन है।

तुलाः आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा। कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे दिन भर की मेहनत का आंकलन संध्या के समय संतोषजनक रहेगा।

वृश्चिकः आज दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा हानि की सम्भवना के कारण बड़ा कार्य करने से डरेंगे लेकिन दैनिक कार्य थोड़े विलम्ब से पूर्ण हो जाएंगे।

धनुः आज का दिन वैसे तो आपके लिये कुछ ना कुछ लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

मकरः आज का दिन आपके लिये अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कुंभः आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

मीनः आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी कोई भी कार्य एकदम सर पर आने पर ही करेंगे।

QUIZ TIME

1) द ओसान ऑफचर्न पुस्तक के लेखक कौन है?

2) पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए रेडइंक पुरस्कार किस प्रेस क्लब द्वारा दिए जाते हैं?

3) टी20 प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी कौन है?

4) भारत में किस जनगणना वर्ष में लिंग अनुपात सबसे अधिक दर्ज किया गया?

5) हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय माउंटेन दिवस कब मनाया गया है?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) संजीव सान्याल (2) मुंबई (3) राशिद (4) 2011 (5) 11 दिसंबर

शब्द सागर



न्यूज गैलरी

योजनाओं में भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों को शीघ्र हासिल करें : सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन

बैतूल/नवप्रदेश। सभी जिला अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं में भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। राजस्व वसूली में भी गति लाएं। यह निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने खनिज, वाणिज्य कर इत्यादि विभागों को भी अपने वित्तीय लक्ष्यों की भी पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त आवंटन का सदुपयोग किया जाएं। कोई भी टेंडर प्रक्रिया लंबित न रहें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन, जनजातीय कार्य, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास इत्यादि विभागों को लंबित शिकायतों की संतुष्टि के साथ समाधान करने के लिए निर्देशित किया। सीईओ श्री जैन ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, पशुपालन केसीसी, पीएम स्वनिधि इत्यादि स्वरोजगार मूलक योजनाओं में शेष प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत और वितरित कराने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने शासन दिशा -निर्देशों के अनुरूप वन अधिकार दावों का भी निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 19 दिसंबर से प्रारम्भ हो रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान की भी तैयारियों की समीक्षा कर कैंपों का प्रभावी ढंग से आयोजन कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि शेष बचे शासकीय कर्मचारी का ई केवाईसी भी शीघ्र पूर्ण हो। बैठक में अपर कलेक्टर श्री मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से सकारात्मक वातावरण के निर्माण के साथ ही भाईचारे की भावना विकसित होती है : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से सकारात्मक वातावरण के निर्माण के साथ ही भाईचारे की भावना विकसित होती है। खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हैं और हारने के बाद भी जीतने वाले को बधाई देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की 34वीं अर्न्तक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 6 दिनों तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने आपको शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिवर्ष करते हैं। रीवा में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा की पवित्र भूमि में आप सब पधारे हैं। इस भूमि के एक तरफ चित्रकूटधाम तथा दूसरी तरफ माँ विन्ध्यवासनी देवी विराजी हैं। रीवा को बाबा महामृत्युंजय, चिरहुलानाथ एवं रानीतालाब की माँ कालिका का आशीर्वाद है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में सोन और बीहर नदी का पानी अविरल रूप से बहता रहता है। बाणसागर बांध के बन जाने से सिंचाई की नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच रहा है। अभी 3 लाख एकड़ क्षेत्र में पानी मिल रहा है शीघ्र ही 6 लाख एकड़ में पानी पहुंचने लगेगा और आगामी वर्षों में रीवा एवं मऊगंज जिले के 9 लाख एकड़ क्षेत्र में किसानों को पानी मिलेगा और एक-एक इंच भूमि सिंचित हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि सिंचाई विभाग द्वारा ही हो रही है। मुझे खुशी है कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने आपको फिट रखने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के मेहनत से ही प्रदेश में 54 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। आने वाले समय में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और प्रदेश का एक-एक इंच भाग सिंचित होगा और मध्यप्रदेश अग्रणी प्रदेश बनेगा। उन्होंने कहा कि रीवा में स्पोर्टस काम्पलेक्स के बन जाने के बाद विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हो रहा है और खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभागों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें से 25 से अधिक विभागीय महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं।

मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही है लगातार वृद्धि : सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में नवीन एमवाय अस्पताल भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

कुल 773.07 करोड रुपए लागत से निर्मित होगा 1450 बिस्तरीय नया अस्पताल भवन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में देश और प्रदेश की स्वास्थ सुविधाओं में पिछले 11 वर्षों से लगातार वृद्धि हो रही है। मध्य प्रदेश में नए-नए मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज कॉलेज खोले जा रहे हैं। प्रदेश सरकार नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए दिन-रात प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार आया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में कुल 773.07 करोड रुपए लागत से निर्मित होने वाले 1450 बिस्तरीय अस्पताल के नवीन भवन निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि जिस तरह इंदौर शहर हमारे प्रदेश का गौरव है, उसी तरह इंदौर के एमवाय अस्पताल की भी मध्यप्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि इंदौर में 1450 बिस्तरीय अस्पताल बन जाने से न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि हमारे पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती जिलों के मरीजों को भी यहां बेहतर स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को मिलाकर इस विभाग को और सशक्त बनाया गया है। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि इंदौर के एमवाय अस्पताल में बोनमेरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को नए अस्पताल भवन के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश भवन विकास निगम द्वारा निर्मित किए जाने वाले नए अस्पताल भवन में मेडिसिन वार्ड में कुल 330 बिस्तर, सर्जरी विभाग में 330 बिस्तर, ऑर्थोपेडिक्स विभाग में 180 बिस्तर, शिशु रोग सर्जरी विभाग में 60, शिशु रोग वार्ड में 100, न्यूरो सर्जरी में 60, नाक कान गला विभाग में कुल 30, दंत रोग विभाग में 20, त्वचा रोग विभाग में कुल 20, मातृ एवं शिशु वार्ड में 100, नेत्र वार्ड में 80 तथा इमरजेंसी मेडिसिन वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए 180 बिस्तरीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। नए अस्पताल भवन में कुल 1450 बिस्तरीय वार्डों के निर्माण पर कुल 528 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसके अलावा 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल के निर्माण पर 21.37 करोड रुपए, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम के निर्माण पर 1.60 करोड रुपए व्यय किए जाएंगे। इसके अलावा सार्वजनिक पार्किंग के निर्माण पर 31.50 करोड़ रुपए, विद्युतीकरण, बाउंड्रीवॉल एवं सोलर पैनल स्थापना पर 25.53 करोड रुपए तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लंबिंग एवं वाटर सप्लाई संबंधी कार्यों कार्य पर लगभग 10 करोड रुपए लागत आएगी।

सीबीयूडी पहल से देश के शासन तंत्र में विभिन्न विभागों के बीच बढ़ेगा तालमेल - कलेक्टर

कॉल बिफोर यू डिग (सीबीयूडी) ऐप से सुरक्षित होगा बुनियादी ढांचा - कलेक्टर

कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में दी गई सीबीयूडी एप और मोबाइल टावर के रेडिएशन के बारे में जानकारी

सीहोर/नवप्रदेश। भारत सरकार के दूरसंचार विभाग भोपाल द्वारा कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में कॉल बिफोर यू डिग एप के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप पीएम गति शक्ति के अंतर्गत बुनियादी ढांचा संपर्क परियोजनाओं की एकीकृत योजना एवं समन्वित कार्यान्वयन को मजबूती देने के उद्देश्य से 'कॉल बिफोर यू डिग' (सीबीयूडी) मोबाइल ऐप को एक प्रभावी उपकरण के रूप में विकसित किया गया है। इस ऐप का उद्देश्य अनियंत्रित खुदाई और उत्खनन के दौरान भूमिगत परिसंपत्तियों को होने वाले नुकसान को रोकना है। सीबीयूडी ऐप के माध्यम से उत्खननकर्ता और भूमिगत संपत्तियों के मालिकों को एक साझा डिजिटल मंच पर जो?ा जाएगा। यह ऐप एसएमएस, ई-मेल नोटिफिकेशन और 'क्लिक टू कॉल' जैसी सुविधाओं के जरिए समन्वय स्थापित करेगा, ताकि किसी भी उत्खनन कार्य से पहले संबंधित विभागों को सूचना मिल सके और भूमिगत परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इससे देशभर में उत्खनन की बेहतर योजना बनाना संभव होगा। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि सीबीयूडी पहल से देश के शासन तंत्र में विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बढ़ेगा। यह पहल सभी हितधारकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। स?क, दूरसंचार, जल आपूर्ति, गैस और बिजली जैसी आवश्यक सेवाओं में होने वाले अनावश्यक व्यवधान कम होंगे, जिससे संभावित व्यावसायिक नुकसान से बचाव होगा और आम नागरिकों को होने वाली असुविधा में भी कमी आएगी। इस प्रकार, 'कॉल बिफोर यू डिग' ऐप न केवल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि पीएम गति शक्ति के लक्ष्यों को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यशाला में दूरसंचार विभाग भोपाल के एडीजी ग्रामीण श्री नीलेश कुमार वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।

नियमित की जाती है मोबाइल टावरों के रेडिएशन स्तर की जांच

कार्यशाला में मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन के संबंध में जानकारी दी गई की मोबाइल टावरों से निकलने वाला रेडिएशन नॉन-आयोनाइजिंग (Non&Ionizing) प्रकृति का होता है। निर्धारित मानकों के भीतर रहने पर यह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं माना जाता, क्योंकि इस प्रकार का रेडिएशन शरीर की कोशिकाओं को सीधे नुकसान पहुंचाने में सक्षम नहीं होता। कार्यशाला में बताया गया कि मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन के स्तर की नियमित रूप से जांच की जाती है। भारत में लागू मानक अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक सख्त हैं, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दूरसंचार विभाग भोपाल के एडीईटी श्री शुभम यादव ने बताया कि सरकार द्वारा बनाए गए सख्त नियमों और निरंतर निगरानी के चलते मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन को सुरक्षित सीमा में रखा जा रहा है।

जन अभियान परिषद की ग्वालियर जिले की गतिविधियों की हुई समीक्षा

ग्राम विकास में स्वयं सेवी संस्थाओं की अहम भूमिका : प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर

ग्वालियर/नवप्रदेश। ग्वालियर जिले में जन अभियान परिषद द्वारा संचालित गतिविधियों की सोमवार को विवेकानंद नीडम में आयोजित हुई बैठक में जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर द्वारा समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा सरकार की मंशा के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना परिषद की प्राथमिकता है। इसमें प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैठक में मौजूद इन समितियों के सदस्यों को आपसी समन्वय एवं सहभागिता व सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में शासी निकाय के सदस्य श्री शशीदत्त गगरानी, ग्वालियर के प्रभारी श्री अमिताभ श्रीवास्तव एवं संभाग समन्वयक श्री सुशील बरुआ उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में ग्राम विकास, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों के समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही आगामी समय में योजनाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता को और सुदृढ़ किया जाए। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने, युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित संस्था प्रतिनिधियों एवं परामर्शदाताओं से अपील की गई कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि जन अभियान परिषद की योजनाएँ धरातल पर सफल हो और समाज के समग्र विकास में सार्थक योगदान दिया जा सके। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक श्री मनोज दुबे ने किया। आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री हरिओम गौतम, विकासखंड समन्वयक सुश्री प्रीति वाजपेयी एवं सर्वश्री विनोद शर्मा, राजकुमार प्रजापति, हरिकंठ सिंह बघेल व उदय सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने नेहरू पार्क चौपाटी का किया निरीक्षण

संभागीय चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से की खाद्य पदार्थ की जांच

बैतूल/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन श्री शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में 15 दिसंबर को नेहरू पार्क स्थित चौपाटी पर चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री संदीप पाटील ने संभागीय चलित खाद्य प्रयोगशाला के केमिस्ट हेमंत कीर, सहायक योगेश दिवगाया व बृजेश पटेल के साथ 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 30 नमूने एकत्र किए, जिसकी जांच चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से की जा रही है। लिए गए नमूने फेल होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने परिसर में साफ-सफाई रखने और खराब पानी को परिसर के सामने नहीं फेकने की समझाइश दी। इसके अलावा खाद्य पदार्थ बनाते समय केप व एप्रेन का उपयोग करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कोई भी आम व्यक्ति चलित खाद्य प्रयोगशाला में 10 रूपए का चालान जमा कर किसी भी खाद्य पदार्थ की जांच करा सकता है। चलित खाद्य प्रयोगशाला 15 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक बैतूल जिले में भ्रमण करेगी। यह कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

कलेक्टर ने भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी की सतत निगरानी के दिये निर्देश

कुबेरेश्वर धाम में आगामी शिव महापुराण कथा की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

राजस्व एवं भूमि संबंधी कार्यों में तेजी लाई जाए - कलेक्टर

सीहोर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, श्री रविन्द्र परमार, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, श्रीमती स्वाति मिश्रा, सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के अंतर्गत मंडियों में की जा रही सोयाबीन खरीदी के संबंध में नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों का नियमित निरीक्षण एवं खरीदी कार्य की सतत समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा विक्रय की गई सोयाबीन का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि सोयाबीन की रिसाइक्लिंग न हो सके। इसके

साथ ही मंडी परिसरों में व्यापारियों के स्टॉक का नियमित रूप से सत्यापन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी मंडी में सोयाबीन की आवक अनुमान से अधिक प्रतीत होती है तो उसकी गहन जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तविक किसानों को ही मिले। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 66 हजार 263 किसानों ने 14 लाख 2 हजार 58 क्विंटल सोयाबीन मंडियों में विक्रय किया है। कलेक्टर ने भावांतर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतर्कता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं बनी रहें। जहां आवक अधिक हो वहां तौल कांटे और हम्मालों की अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा कि मंडी परिसरों के आसपास ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें न लगे, इसके लिए प्रभावी प्रबंधन किया जाए। साथ ही किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान शीघ्रता से उनके खातों में कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक 470 किसानों से 4647 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि आगामी फरवरी माह में कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने वाली शिवमहापुराण कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। इसे दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने भीड़ प्रबंधन से लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि रहे। पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, स्वास्थ्य सेवाएं एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व से ही ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भ्रमण के दौरान शासकीय स्कूलों एवं छात्रावासों (हॉस्टल) का नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण के उपरांत विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत की जाए, ताकि शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सके।

न्यूज गैलरी

निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयावधि में हो - सीईओ

कांकेर / नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने आज ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निर्माण कार्यों के साथ पंचायतों के कार्या की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत् अन्य प्रगतिरत कार्या एवं महतारी सदन सह सामुदायिक शौचालय के कार्या को समय पर गुणवत्तापूर्णढ़ग से समय सीमा में पूर्ण करने, अंतागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तहसील कार्यालय अंतागढ़ के लिए स्थल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कांकेर श्री विजय कुमार मांडवे को सभी प्रगतिरत कार्या का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। जिले में सभी अप्रारंभ कार्या को तत्काल प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने व मूल्यांकन सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय नाग, भानुप्रतापपुर जी.एल.चुरेन्द्र, दुर्गूकोंदल सुरेन्द्र कुमार बंजारे, कांकेर अश्वनी यादव नरहरपुर बेनु सुखदेवे, अंतागढ सुश्री स्वेता साहू चारामा जी.एस.कवर, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस कांकेर त्रिलोक कुटारे, नरहरपुर नरेन्द्र ठाकुर, चारामा खिलेश साहू, दुर्गूकोंदल देवेन्द्र हटिले, कोयलीबेड़ा सी.एल.स्वर्णकार, अंतागढ सन्दीप रवि, भानुप्रतापपुर रविशंकर सोनी सहित सभी उपअभियंता उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण

कांकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने जिले के सुदूर वनांचल में स्थित अंतागढ़ विकाखण्ड के ग्राम भैसासुर में स्थित धान खरीरी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी की प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, नमी की जांच, रिकॉर्ड संधारण एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित प्रबंधक को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी एवं सुचारू रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय पर तौल, त्वरित भुगतान एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने केंद्र परिसर में साफसफाई, छाया, पेयजल तथा बैठने की उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी लिया। किसानों ने अब तक की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

महिला से छेड़छाड़ का आरोपी पटौद से गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। पुलिस थाना कांकेर महिला के साथ छेड़डाड़ कर मारपीट करने वाले आरोपी को त्वारित कार्यवाही करते हुएआरोपी भोजराज साहू पिता स्व.प्यारे लाल साहू उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पटौद थाना को गिरफ़्तार किया गया है।मामले संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया ने थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 दिसंबर 2025 के शाम 6:30.00 बजे मैं मंदिर पूजा करने गई थी तब गांव के रहने वाले भोजराज साहू के द्वारा मेरी लज्जा भंग करने की नियत से छेड़छाड़ कर मारपीट करने लगा कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांकः-422/2025 धारा-74, 351(3), 126(2), 115(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया उक्त आरोपी भोजराज साहू पिता स्व.प्यारे लाल साहू उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पटौद थाना जिला कांकेर को पुलिस द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुऐ 14 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड लिया गया सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में मप्र आर हितेश्वरी चेलक प्रआर गीतेश्वरी कुलदीप आरक्षक गजेन्द्र नागवंशी एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी की अहम भूमिका रही।

बुवाई से पहले थायरम से अधिक बीजोपचार का प्रदर्शन

कांकेर / नवप्रदेश। 14 दिसम्बर 2024 को एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत गेहूं बीज किस्म एचडी 2967 की बुवाई ग्राम भीरावाही के कृषक दुखु राम के यहां कतार विधि से कराया गया।बुवाई से पहले थायरम से अधिक बीजोपचार कराया गया साथ ही ट्राईकोडर्मा विरीदी एवं वाम कल्चर का उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एवं उसके लाभ के बारे में बताया गया । गेहूं फसल में सिंचाई की आवश्यकता समय,एवं लाभ के बारे में बताया गया द्यकतार विधि,उन्नत तकनीक विधि की जानकारीविश्व देव बंजारा विकासखंड तकनीकी प्रबंधक दुर्गकोंडल द्वारा बताया गया।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने किया नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

■ नेशनल लोक अदालत में 01 लाख 53 हजार 296 प्रकरणों का निराकरण

कांकेर / नवप्रदेश। जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न मामलों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण वं आपसी सहमति से 01 लाख 53 हजार 296 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायालय कांकेर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के माननीय न्यायमूर्ति श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय न्यायमूर्ति जी ने कहा कि कांकेर की इस पुण्य धरा पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। यह एक प्राचीन नगरी है, जिसके विषय में मैंने पूर्व से बहुत सुना है। आज यहाँ आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाया। पोर्टफोलियो न्यायमूर्ति के रूप में आज इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में अधिक से अधिक पक्षकार न्यायालयीन विवादों से परे लोक अदालत के माध्यम से विवादों के समाधान की दिशा में अग्रसर होंगे।

लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए माननीय न्यायमूर्ति श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद जी ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है, जहाँ ऐसे विवादों का समाधान किया जाता है, जिनमें आपसी समझौते की संभावना होती है। न्यायालयीन प्रक्रिया से हटकर, आपसी सहमति और सौहार्द के साथ मामलों का निपटारा करना लोक अदालत का मूल उद्देश्य है। मीडिएशन के पश्चात लोक अदालत विवादों के समाधान की एक प्रभावी व्यवस्था है, जहाँ पक्षकार मिल-जुलकर अपने विवादों का समाधान कर सकते हैं। माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि पारंपरिक न्यायालयों में पक्षकार, अधिवक्ता और न्यायालय के बीच प्रक्रिया चलती है, जबकि लोक अदालत में पक्षकार स्वयं अपने विवाद का समाधान करने का निर्णय लेते हैं। यह केवल समझौता नहीं, बल्कि विश्वास और सहमति का परिणाम होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सदैव यही कोशिश रहती है कि बातचीत के माध्यम से विवाद सुलझें और समझौते में किसी प्रकार की कानूनी बाधा न आए। कानून की व्याख्या न्यायालय में होती रहेगी, किंतु लोक अदालत वह मंच है जहाँ पक्षकार स्वतंत्र रूप से, बिना किसी दबाव के, स्वयं निर्णय ले सकते हैं।

माननीय न्यायमूर्ति जी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे आयोजनों में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक होती है। दैनिक न्यायिक कार्यों के अतिरिक्त जब लोक अदालत अथवा विधिक सेवा से संबंधित कोई भी कार्यक्रम आयोजित होता है, तो उसमें सम्मिलित होना हमारे लिए गौरव का विषय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत जैसे आयोजनों के माध्यम से आम नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायिक अधिकारियों को अनौपचारिक रूप से एक-दूसरे से संवाद करने का अवसर प्राप्त होता है। इससे सद्भावना और विश्वास का वातावरण निर्मित होता है। माननीय न्यायमूर्ति जी द्वारा इस अवसर पर न्यायालय का निरीक्षण कर प्रकरणों के निराकरण की जानकारी भी ली गई। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार विजलेंस छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बिलासपुर से श्री मंसूर अहमद, प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश उत्तर बस्तर कांकेर श्री संजीव कुमार टामक, कुटुम्ब न्यायालय कांकेर के न्यायाधीश श्री रमाशंकर प्रसाद, कलेक्टर कांकेर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, अध्यक्ष बार एसोसिएशन कांकेर श्री धनराज जैन, जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती विभा पाण्डेय, मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट श्री भास्कर मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शांति प्रभु जैन, न्यायायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी सुश्री सुनिती नेताम, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री बी.एस. ठाकुर एवं श्री टी.पी. देव एवं अन्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट और अधिवक्तागण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

नाबालिग का अपरहण कर बलात्कर के आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लाया गया

कांकेर / नवप्रदेश। थाना कोतवाली के अंतर्गत नाबालिग का अपरहण कर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। नाबालिग से बलात्कार करने वाले आरोपी को उत्तर प्रदेश से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार 15सितंबर 2025 को प्रार्थी ने थाना कांकेर में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट थाना कांकेर में अपराध क. 344/2025 धारा 137(2), बीएनएस बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान श्रीमान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के मार्गदर्शन में मामले के संवेदनशीलता को देखते हुये तत्काल थाना कांकेर से टीम गठित कर रिपोर्ट दिनांक से लगातार अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश के दौरान अपहृता एवं आरोपी नेमनगर जिला सुरत (गुजरात) से अपहृता को राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम शरसीखाम पोस्ट शरसीडीह जिला प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश) के कब्जे से लाकर थाना कांकेर में उसके परिजन के समक्ष दस्तयाब किया गया है। एवं आरोपी राहुल वर्मा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर धारा 65(1), 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई आरोपी राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम शरसीखाम पोस्ट शरसीडीह जिला प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश) को 14 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर आरोपी का कृत्य अजमानतीय होने पर रिमाण्ड तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि भुनेश्वरी भगत, प्रआर जीवधन यादव,आर.पूरन साहू एवं म.आर.गणेशवरी कोडोपी का अहम भूमिका रहा है।

अहिर कोसरिया यादव समाज कि ज़िला स्तरीय बैठक संपन्न

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज कांकेर कि बैठक चारामा यादव भवन में आयोजित कि गई जहा अहिर कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव के स्वागत व प्रस्तावना उद्बोधन के साथ बैठक प्रारंभ हुई जिसमें जिला महासचिव दयालु यादव ने बैठक के विषय को रखा जिसमें प्रमुख रूप से युवाओं व महिलाओं को समाज के प्रत्येक गतिविधि में शामिल करना व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजन करने जैसे विषयों पर चर्चा कि गई संगठन को सशक्त व समृद्ध करने समाज मे क्या कर सकते है ऐसे विषयों के साथ चर्चा प्रारंभ कि गई जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि समाज मे आयोजनों से ही समाज में जागरूकता व एकता बढ़ती है समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए समाज में युवाओं को बढ़-चढ़कर समाजिक गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

काँकेर के शीतला तालाब में सफल स्वच्छता अभियान

कांकेर / नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था ÷जन सहयोग÷ तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में आज सुबह शहर के ऐतिहासिक शीतला मंदिर से संलग्न शीतला तालाब पर ज़ोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिस में बहुत बड़ी मात्रा में कचरा निकाल कर महीनों से चली आ रही समस्या का निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि काँकेर का शीतला मंदिर तथा तालाब सैकड़ों वर्ष पुराने हैं ,जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भक्त आकर पूजा अर्चना करते हैं, उन सब के कष्टों पर विचार करते हुए समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी ने अपनी संस्था ÷जन सहयोग÷ तथा अन्य अनेक का सहयोग लेते हुए आज यह सफ़ाई अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण कर दिखाया, जिसमें भाग लेने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं में अजय पप्पू मोटवानी के अलावा धर्मेंद्र देव, प्रवीण गुप्ता, करण नेताम ,अखिलेश साहू ,अजय पांडे, शैलेंद्र देहारी ,अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला संगठन सचिव पूर्व सैनिक टेश्वर जैन ,छगन बलवंत, राकेश, तारिणी, तान्या, अनूप खिलेश्वरी, सरस्वती, आरती, रश्मि ,सरस, मेघा,किरण यामिनी साथ ही शीतला मंदिर के पुजारी पूरन माली, सेवक राम ने भी पवित्र श्रमदान में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया। आज के इस पवित्र सामाजिक कार्य की प्रशंसा सारे शहर तथा जिले में की जा रही है।

लोक अदालत में ग्रामीण लोगों के लिए जन सहयोग ने स्वल्पाहार का किया प्रबंध

कांकेर / नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने शनिवार 13 दिसंबर को काँकेर ज़िला मुख्यालय के न्यायालय में आयोजित लोक अदालत में अपने- अपने प्रकरणों का अंतिम फैसला कराने आए हुए ग्रामीण मुवक्किलों के लिए दोपहर के स्वल्पाहार का शानदार प्रबंध किया। अक्सर लोक अदालत हेतु जिले के कोने-कोने से ग्रामीण आते हैं, जिन्हें यहां स्वल्पाहार हेतु बहुत अधिक समय तथा धन खर्च करना होता है । इससे राहत दिलाने हेतु ÷जन सहयोग संस्था÷ द्वारा अपने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के निर्देशन में पक्षकारों के लिए दोपहर के स्वल्पाहार का बढ़िया इंतज़ाम कराया गया था जिसकी प्रशंसा माननीय न्यायमूर्ति एवं आम जनता द्वारा की गई। अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने अपना परिचय देते हुए माननीय न्यायमूर्ति जी से जन सहयोग संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न समाज सेवा कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया। अध्यक्ष के अलावा आज के समाज सेवाकार्य में जन सहयोग के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भाई दवे धर्मेंद्र देव भूतपूर्व सैनिक टी के जैन प्रवीण गुप्ता बसंत ठाकुर संजय कुंजाम करण नेताम सरकार ठाकुर शैलेंद्र देहारी, अखिलेश साहू इत्यादि ने भी उत्साह पूर्वक ग्रामीण जनों को स्वल्पाहार परोसने तथा अन्य कार्य समय अनुसार किये, ताकि दूर-दराज़ से आने वालों को कोई तकलीफ़ना हो

कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली रामलीला मैदान में वोट चोर गदी छोड़ कार्यक्रम में हुए शामिल

काँकेर / नवप्रदेश। लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार वोट चोरी को लेकर आक्रमक हमला भाजपा सरकार पर करते नज़र आ चुके हैं। राहुल गांधी के लगातार वोट चोरी के मुद्दे के बाद देश के अलग-अलग राज्यों में वोट चोरी को लेकर केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का हल्ला बोल दिल्ली के रामलीला मैदान में छत्तीसगढ़ सहित खास आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कांकेर जिले के सैकड़ों आदिवासी कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोटचोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल हुआ पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी जिला नरेश ठाकुर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर पंचायत अध्यक्ष सुना राम जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर युवा कांग्रेस पवन कांगे लोकेंद्र यादव कोमेंद्र यूके सत्यार्थ करायत एनएसयूआई अध्यक्ष सुमित राय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता कांकेर से दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

पेज 1 का शेष

शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर...

अध्यक्ष बनाने के बाद नितिन नबीन ने सोमवार को पटना के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वो अपने पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि नितिन नबीन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। बीजेपी की ऐसे ही परंपरा रही है।

राज्यसभा में चर्चाः चुनाव ...

हुए थे। इन चुनावों के जो बीएलओ थे, उनमें से जितने भी यादव और मुसलमान बीएलओ थे, उनको एक-एक करके हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जानकारी में यह विषय लाया गया। लिस्ट में पहले लोगों का नाम था लेकिन बाद में ये नाम हटा दिए गए। केवल कुंदरकी में गलती से एक मुस्लिम बीएलओ रह गया।

उन्होंने कहा कि पीपुल्स रिप्रजेंटेशन एक्ट के मुताबिक मतदाता को बूथ तक लाना या रिश्वत देना एक अपराध है। यदि यह सिद्ध हो जाता है तो चुनाव रद्द हो जाता है। लेकिन हमने देखा कि ट्रेन में किस तरह से लोग आ रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव से ठीक पहले जिस तरह से पैसे बांटे गए, अगर टीएन शेषन जैसे चुनाव आयुक्त होते तो चुनाव स्थगित हो जाता या फिर रद्द हो जाता। उन्होंने इसे करप्ट प्रैक्टिस व रिश्वत बताया।

उन्होंने कहा कि सत्ता में 100 साल बने रहिए लेकिन जनता की नजर में सही बने रहिए। पहले जब पोलिंग हो जाती थी तो राजनीतिक दलों को उस गाड़ी का नंबर दिया जाता था जिससे कि मतदान की पेटियां को ले जाया करते थे। चुनाव के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से इन गाडियों के पीछे स्ट्रांग रूम तक जाते थे। स्ट्रांग रूम में ईवीएम या फिर बैलेट पेपर की पेटियां रखी जाती थीं, तो विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि वहां मौजूद होते थे। इसके उपरांत स्ट्रांग रूम सील किया जाता था। अब यह प्रक्रिया प्रैक्टिस में नहीं रही।

मनरेगा स्कीम की जगह लेगा...

की गंभीर स्थिति तक पर घेरा है। केरल से निर्वाचित पार्टी सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर मनरेगा का नाम बदलने संबंधी विधेयक पारित कराते समय सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। सरकार का तर्क है कि यह बदलाव 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के तहत है। मनरेगा का नाम बदलने के निर्णय को लेकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की नीयत क्या है? तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। मनरेगा के अलावा कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपाय- ग्रेप को लेकर सरकार का घेराव किया है।

विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध

की अपनी भूमिका और दायित्व है। प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के इसी विज़न पर सदन में चर्चा होगी।

17 दिसंबर को प्रातः 10.00 बजे राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल विधानसभा परिसर में विधानसभा की 7 दशक की यात्रा पर चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इस ऐतिहासिक चित्र प्रदर्शनी मे 136 चित्र लगाये गये है। इसमें कुछ दुर्लभ चित्र भी सम्मिलित हैं। ये चित्र प्रथम विधानसभा से वर्तमान सोलहवीं विधानसभा के विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों के हैं। यह प्रदर्शनी विशेषकर विद्यार्थियों के साथ विशिष?ट जनों एवं आम नागरिकों के लिए भी खुली रहेगी, 18 से 25 दिसंबर के बीच विधानसभा में प्रवेश पत्र बनवा कर प्रदर्शनी देख सकते हैं। प्रवेश पत्र के लिए आधार कार्ड/विद्यालय/महाविद्यालय का परिचय पत्र भी लाना आवश्यक रहेगा। इस प्रदर्शनी के साथ मध्यप्रदेश सरकार के विकास कार्यों के भी छाया चित्र लगाए गए है, जिसमें प्रदेश सरकार के 2 वर्ष के कामकाज का लेखा-जोखा रखा गया है। यह ऐतिहासिक प्रदर्शनी मध्यप्रदेश के 5 हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों के योगदान को भी याद कराती है।

कला व संस्कृति के संरक्षण

कार्यक्रम में विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने भी विचार व्यक्त किए।तानसेन अलंकरण से विभूषित प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. राजा काले ने ग्वालियर घराने के मूर्धन्य संगीतज्ञ एवं अपने गुरू राजा भैया पूछ्वाले को याद किया। साथ ही ग्वालियर घराने की भाव सौंदर्य युक्त गायिकी को यह सम्मान समर्पित किया। उन्होंने तानसेन अलंकरण प्रदान करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार के प्रति आभार भी जताया।

इनकी रही मौजूदगी

शुभारंभ समारोह में अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला भी शामिल हुए। यहां मुख्य मंच पर संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, संस्कृति संचालक श्री एन पी नामदेव व उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत, कला अकादमी श्री प्रकाश सिंह ठाकुर एवं श्री दीपक शर्मा मंचासीन थे।

सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र व शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

राष्ट्रीय तानसेन अलंकरण के रूप में ब्रम्हनाद के दोनों शीर्षस्थ साधकों को आयकर मुक्त पाँच ङ्क पाँच लाख रूपए की सम्मान राशि, प्रशस्ति पट्टिका व शॉल-श्रीफल भेंट किए गए। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संगीत सम्राट तानसेन के नाम से

अमरनाथ यात्रा मार्ग समेत कश्मीर के कई क्षेत्रों में बर्फबारी

48 घंटों में हल्की बर्फबारी की ज्यादा संभावना

मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को सोनमर्ग और जोजिला सहित ऊंचाई वाले इलाकों में और बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में हल्की बर्फबारी की सबसे ज्यादा संभावना सोनमर्ग-जोजिला-द्रास अक्ष के साथ-साथ बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के ऊंचे इलाकों में है।

श्रीनगर। कश्मीर में शुष्क ठंड का दौर खत्म होते ही मौसम ने करवट ली है। गांदरबल जिले में अमरनाथ यात्रा मार्ग के बालटाल और बांदीपोरा की ऊंचे पहाड़ों समेत कई क्षेत्रों में शनिवार की रात से रविवार को सुबह तक हुई बर्फबारी ने न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री तक का उछाल ला दिया दिया है। इससे घाटी के अधिकांश हिस्सों में पारा शून्य के पार पहुंच गया। कश्मीर में एक माह से पारा लगातार गिर रहा था। अब शनिवार रात हुई बर्फबारी ने घाटी को कड़ाके की ठंड से राहत दी है। सिर्फपुलवामा माइनस 2.7 डिग्री के साथ अब भी सबसे ठंडा क्षेत्र बना हुआ है। सिंथन टॉप, मरगन टॉप और अफरवाट पहाड़ियों पर भी बहुत हल्की बर्फबारी हो सकती है। ऊपरी इलाकों में इन अलग-अलग जगहों पर बर्फबारी को छोड़कर पूरे क्षेत्र में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। हालांकि, एक सप्ताह तक बारिश की संभावना नहीं है। रविवार को सुबह के शुरुआती घंटों में श्रीनगर और घाटी के अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे की चादर छा गई। रविवार को श्रीनगर में अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य ये 4.9 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। पहलगाम में अधिकतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 10.3 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 6.5 डिग्री अधिक था। गुलमर्ग में अधिकतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है, वहीं न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक है। लेह में न्यूनतम माइनस 5.0 डिग्री, कारगिल में माइनस 4.6 डिग्री और नुबरा वैली में माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बीजेपी ने ममता की तुलना हिटलर से की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में गर्माहट तेज है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी अपने चरम पर है। इसी बीच पश्चिम बंगाल भाजपा की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने राज्यभर की राजनीति में एक नए सियासी तूफान को जन्म दे दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा कटाक्ष करते हुए उनकी तुलना जर्मनी के शासक एडोल्फ हिटलर से की। साथ ही ममता बनर्जी को बंगाल का तानाशाह बताते हुए लिखा 'तानाशाह तिलमिला गया है'। बता दें कि ये पूरा मामला तब का है, जब भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर साझा की। उस तस्वीर में मोर्फिंग के जरिए जर्मनी के शासक हिटलर और ममता बनर्जी की तस्वीर को एक साथ दिखाया गया। फोटो के ऊपर लिखा 'दोनों एक जैसे हैं'। कृष्णनगर की रैली में यह कहने के कुछ घंटों बाद ही उन्होंने अपना फॉर्म जमा कर दिया था।

बंगाल में एसआईआर को लेकर जारी है बयानबाजी

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक पार्टियों के बीच बयानबाजी कोई नई बात नहीं। इन दिनों राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर भी भाजपा और टीएमसी के बीच रस्साकशी जारी है। इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बाद कि वे एसआईआर के लिए फॉर्म नहीं भरेंगी, भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी जनता को भ्रमित कर रही हैं, जबकि सच यह है कि उन्होंने 11 दिसंबर 2025 को अपना पूरा भरा और हस्ताक्षरित फॉर्म चुनाव अधिकारियों को सौंप दिया।

मनरेगा का बदलेगा नाम: पैसे और समय की बर्बादी कर रही मोदी सरकार: प्रियंका

नई दिल्ली। केंद्र सरकार दो दशक पुरानी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) को निरस्त करके इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक लेकर आ रही है। नए विधेयक का नाम विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 होगा। अब इस बदलाव को लेकर कांग्रेस की ओर से सरकार पर निशाना साधा जा रहा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए सरकार की आलोचना की।

उन्होंने आगे तर्क दिया कि जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में इतने बदलाव करने पड़ते हैं, जिन पर पैसा खर्च होता है। तो इसका क्या फायदा, यह सब क्यों किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम पैसे और समय

महात्मा गांधी को न सिर्फ देश में बल्कि दुनिया में सबसे महान नेता माना जाता है

दोनों की बर्बादी है और केंद्र सरकार बहुमूल्य बहस के समय को बर्बाद करके प्रभावी रूप से अपने ही काम में बाधा डाल रही है। जब हम बहस करते हैं, तब भी वह लोगों के असली मुद्दों पर नहीं, बल्कि दूसरे मुद्दों पर होती है। समय बर्बाद हो रहा है, पैसा बर्बाद हो रहा है।

नाम बदलने के पीछे आखिर क्या है उद्देश्य?

लोकसभा की सोमवार की कार्यसूची में यह विधेयक सूचीबद्ध किया गया है। प्रियंका गांधी ने योजना का नाम बदलने के पीछे सरकार के इरादे पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या ऐसा करना जरूरी भी था। संसद परिसर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए सोमवार उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी को न सिर्फदेश में बल्कि दुनिया में सबसे महान नेता माना जाता है, तो उनका नाम हटाना मेरी समझ से परे है। इसका उद्देश्य क्या है, उनका इरादा क्या है।

क्या बदलाव होंगे?

विधेयक का उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्त वर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। इसका लक्ष्य सशक्तीकरण एवं विकास को बढ़ावा देकर समृद्ध और सक्षम ग्रामीण भारत का निर्माण करना है। विधेयक के उद्देश्यों के कथन में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मनरेगा ने पिछले 20 साल से अधिक समय तक ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी दी है।

उन्होंने कहा, हालांकि सामाजिक सुरक्षा के बड़े पैमाने पर कवरेज और बड़ी सरकारी योजनाओं को पूरी तरह लागू करने से ग्रामीण इलाकों में जो बड़ा सामाजिक-आर्थिक बदलाव आया है, उसे देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी हो गया है।

बठिंडा कोर्ट में पेश नहीं हुई कंगना रनौत

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मानहानि से जुड़े एक मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत को सोमवार को बठिंडा अदालत में पेश होना था, लेकिन लोकसभा सेशन चलने के कारण वह उपस्थित नहीं हुईं। उनकी जगह उनके वकील अदालत में पहुंचे। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 5 जनवरी 2026 निर्धारित की है। इस मानहानि मामले में कंगना पर आरोप है कि उन्होंने किसानों के आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर बुजुर्ग महिला महिंदर कौर के खिलाफआपत्तिजनक टिप्पणी की थी। बठिंडा अदालत में पेशी के दौरान कंगना रनौत के वकील ने हाजिरी पर छूट की अर्जी दाखिल की। इस अर्जी के संबंध में अदालत ने कोई फैसला नहीं सुनाया और 5 जनवरी 2026 की तारीख तय कर दी। इस तारीख से पहले बुजुर्ग महिला महिंदर कौर की ओर से गवाह अदालत में पेश किए जाएंगे। इस तारीख पर अदालत में हाजिरी से छूट पर बहस भी होगी। मामला 2020-21 के किसान आंदोलन से जुड़ा है। उस समय दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफकृषि कानूनों के विरोध में लंबा धरना प्रदर्शन चल रहा था। इसी दौरान बठिंडा जिले के बहादुरगढ़ जंडिया गांव की बुजुर्ग महिला महिंदर कौर ने एक याचिका दाखिल की थी।

हॉलीवुड के डायरेक्टर-एक्टर रॉब रेनर और पत्नी मिशेल सिंगर घर में पाए गए मृत

, पुलिस जांच में जुटी

मुंबई (आईएएनएस)। मशहूर अमेरिकी डायरेक्टर और एक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल को लॉस एंजेलिस स्थित उनके घर में मृत पाया गया। अधिकारियों ने शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि दोनों के शरीर पर चाकू के घाव हैं। इस मामले में पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। लॉस एंजेलिस फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, उनके पास दोपहर करीब 3:30 बजे मेडिकल इमरजेंसी के लिए कॉल आई। जब टीम मौके पर पहुंची, तो 78 वर्षीय रॉब और 68 वर्षीय मिशेल को मृत पाया गया।

पुलिस ने इस घटना को हत्या करार दिया। लॉस एंजेलिस पुलिस विभाग के रॉबरी होमिसाइड डिविजन की टीम मामले की जांच कर रही है। मामले में अभी किसी पर भी आधिकारिक तौर पर आरोप नहीं लगाया गया है। इस खबर ने हॉलीवुड में सनसनी मचा दी है, और फिल्मी दुनिया के लोग इस घटना पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। लॉस एंजेलिस की मेयर करेन बास ने भी इसे शहर के लिए एक बड़ा नुकसान बताया।

रॉब रेनर सिर्फएक अभिनेता ही नहीं थे, बल्कि हॉलीवुड के सबसे चर्चित डायरेक्टर्स में से एक भी थे।

धनशोधन मामले में गुजरात के पत्रकार को शीर्ष कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात के पत्रकार महेश लांगा को धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत दी। यह अहमदाबाद में ईडी की ओर से दर्ज कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ा मामला है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत तथा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने विशेष अदालत को इस मामले में रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया और पत्रकार से कहा कि वह सुनवाई के दौरान कोई तारीख बढ़ाने (स्टे) की मांग न करें। शीर्ष कोर्ट ने लांगा को यह भी निर्देश दिया कि वह अपने खिलाफ चल रहे इस विचाराधीन मामले पर अखबार में कोई लेख न लिखें। बेंच ने कहा कि अगर आदेश का उल्लंघन किया गया तो जमानत रद्द करने पर विचार किया जा सकता है। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि किसी पत्रकार द्वारा पैसे की उगाही करना एक गंभीर अपराध है और उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी का जॉर्डन में भव्य स्वागत

अम्मान (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंच गए हैं। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी यह यात्रा जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के आमंत्रण पर कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और आपसी हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। अम्मान पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री

मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह जॉर्डन पहुंचकर प्रसन्न हैं और हवाई अड्डे पर मिले आत्मीय स्वागत के लिए प्रधानमंत्री जाफर हसन के आभारी हैं। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि यह यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत-जॉर्डन संबंधों को नई दिशा देने के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

बता दें कि जॉर्डन में रहने वाले भारतीय, प्रधानमंत्री से मिलने और उनका स्वागत करने के लिए अति उत्साहित हैं। लोग पलके बिछाए पीएम मोदी के इंतजार में नजर आए।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

समुद्री क्षेत्र को हरित, स्वच्छ और टिकाऊ बनाने के लिए सरकार उठा रही बड़े कदम

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत एक नए और बड़े बदलाव वाले समुद्री दौर में प्रवेश कर रहा है। सरकार ने एक बयान में कहा है कि देश अपनी लंबी समुद्री सीमा, बढ़ती औद्योगिक ताकत और महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति का उपयोग न केवल व्यापार और संपर्क बढ़ाने के लिए कर रहा है, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी काम कर रहा है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' तैयार किया है, जो भारत के समुद्री क्षेत्र को सशक्त बनाने और इसे अधिक हरित, स्वच्छ और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इसमें बताया गया कि समुद्री परिवहन का भविष्य ग्रीन हाइड्रोजन, अमोनिया, बायोफ्यूल और एलएनजी जैसे

स्वच्छ ईंधनों पर आधारित होगा। इसी दिशा में राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया है, जिसका लक्ष्य जीरो कार्बन उत्सर्जन का मार्ग प्रशस्त करना और भारत को ग्रीन हाइड्रोजन का ग्लोबल लीडर बनाना है। साथ ही वर्ष 2030 तक हर साल 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन बनाने, 8 लाख करोड़ रुपए का निवेश लाने, 6 लाख नौकरियां पैदा करने और ईंधन आयात में 1 लाख करोड़ रुपए की बचत का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए कांडला, पारादीप और तूतीकोरिन बंदरगाहों को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

नमक्कल में अंडों की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

चेन्नई (आईएएनएस)। तमिलनाडु के नमक्कल जिले में अंडों की कीमतों ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। एशिया के सबसे बड़े पोल्ट्री हब में शामिल नमक्कल में सोमवार को अंडे का फार्म-गेट दाम 6.25 प्रति अंडा तक पहुंच गया। नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी (एनईसीसी) के अनुसार, यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। एनईसीसी के नमक्कल जोन के चेयरमैन के. सिंगराज ने संशोधित दर की पुष्टि की है। पोल्ट्री उद्योग से जुड़े जानकारों के मुताबिक, अंडों की कीमतों में यह बढ़ोतरी पिछले एक महीने से जारी क्रमिक तेजी का नतीजा है। नमक्कल में 17 नवंबर को पहली बार अंडे की कीमत 6 रुपए प्रति अंडा तक पहुंची थी, जिसे पोल्ट्री सेक्टर के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव माना गया। इसके बाद 21 नवंबर को दाम बढ़कर 6.10 रुपए हो गया।

शेफाली वर्मा ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को नवंबर 2025 के लिए 'आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। शेफाली वर्मा ने बीते महीने संपन्न हुए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ यादगार पारी खेली थी। शेफाली ने थाईलैंड की थिपत्चा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़कर अपना पहला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड जीता है। शेफाली वर्मा को महिला वनडे विश्व कप में चोटिल प्रतिका रावल के स्थान पर टीम में शामिल किया गया था। शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफसेमीफाइनल मुकाबले में महज 10 रन की पारी खेली, जिसके बाद खिताबी मुकाबले में 78 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्कों और 7 चौकों के साथ 87 रन बनाए। यह वर्ल्ड कप

फाइनल में किसी भारतीय महिला ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। आईसीसी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में शेफाली ने कहा, ÷मेरा पहला आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का अनुभव वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था, लेकिन यह सफर उससे कहीं बेहतर तरीके से खत्म हुआ जैसा मैंने कभी सोचा या कल्पना की थी। मैं शुक्रगुजार हूं कि फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे पाई और पहली बार वर्ल्ड कप जीतने और घरेलू दर्शकों के सामने इतिहास रचने का हिस्सा बन पाई।

मेसी से मिलकर गदगद हुए एल्विश और जन्नत

मुंबई (आईएएनएस)। मशहूर फुटबॉल प्लेयर लियोनल मेसी इन दिनों भारत दौरे पर हैं। हाल ही में मेसी से मशहूर कंटेंट क्रिएटर एल्विश यादव और टेलीविजन अभिनेत्री जन्नत ने मुलाकात की। दोनों ने मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। एल्विश यादव और जन्नत जुबैर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैसी के साथ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दोनों एक इवेंट में नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने इसे कैप्शन दिया, हमने मेसी से मुलाकात की!! क्या शानदार दिन था। भारत में आपका स्वागत है। बहुत सारा प्यार। बता दें कि लियोनल मेसी अर्जेंटीना के मशहूर फुटबॉल प्लेयर हैं। विश्व कप विजेता खिलाड़ी की दीवानगी दुनियाभर में देखने को मिलती है। मेसी तीन दिन के भारत दौरे पर है, जिसका आज अंतिम दिन है। प्लेयर का ये दौरा शनिवार को कोलकाता से शुरू हुआ था और इस दिन

ही शाम को वे हैदराबाद भी पहुंचे थे। रविवार को मेसी मुंबई पहुंचे थे, जहां उन्होंने क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की थी। सोमवार को दिल्ली में उनका आखिरी दौरा है, जहां पर वे कई लोगों से मुलाकात करेंगे। लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर एल्विश यादव अपने फनी वीडियो, रोस्ट और व्लॉग्स के लिए जाने जाते हैं, और 2023 में बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता बनने के बाद इन्हें देशभर में पहचान मिली थी। वे एमटीवी रोडीज में गैंग लीडर भी रह चुके हैं और हाल ही में 'लाफ्टर शेफ्स' जैसे शो में भी दिखे हैं।

धुरंधर सुभाष घई का सवाल, 'क्या जरूरी है, मेकर्स, कंटेंट या स्टार्स'

मुंबई (आईएएनएस)। फिल्म निर्देशक और निर्माता सुभाष घई बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो रही फिल्मों पर अपनी राय देते हैं। अब उन्होंने फिल्म 'धुरंधर' को लेकर कुछ ऐसी बात कही है, जो बड़े फिल्मी सितारों को थोड़ी चुभ सकती है। निर्माता ने फिल्म के अच्छे कंटेंट और मेकर्स पर फोकस करने की बात कही है, बड़े स्टार्स पर नहीं। सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया और अच्छे कंटेंट, मेकर्स और स्टार्स की बात की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷मैंने कल कोमल नाहटा से पूछा कि अगर 'धुरंधर', 'सैयारा' और 'लालो' जैसी फिल्मों को दर्शक बहुत पसंद करें, तो ज्यादा क्या काम करता है? कंटेंट या मेकर्स या स्टार्स? उन्होंने मुझे तुरंत जवाब दिया कि कंटेंट और मेकर्स। टार्स तो सोने पर सुहागा हैं।

न्यूज गैलरी

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, लैंडपूलिंग योजना निरस्त करें

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन उतर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लैंडपूलिंग योजना निरस्त करने की मांग की है । जैन ने कहा योजना का समर्थन मैने भी किया, लेकिन अब किसानों के सम्मान में उनके आंदोलन में मैं स्वयं भी उनके साथ विधायक की मांग, सिंहस्थ भूमि पर जो रहवासी बस गये हैं, उक्त भूमि को सिंहस्थ यूज से फ्री की जावें लैंडपूलिंग योजना निरस्त करने की मांग को लेकर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने पत्र में लिखा कि उज्जैन में शासन द्वारा सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए लैंडपूलिंग योजना लाई गई हैं। योजना का समर्थन मैंने विधानसभा एवं विधानसभा के बाहर किया हैं, परन्तु 17 नवंबर 2025 को भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि लैंडपूलिंग योजना वापस ली जाती हैं। इसके उपरांत किसान संघ ने एक उत्सव रैली का उज्जैन में आयोजन किया था जिसमें मैं स्वयं भी शामिल हुआ। प्रशासन, प्रेस एवं किसान संघ के माध्यम से यह ध्यान में आया कि लैंडपूलिंग योजना यथावत हैं। इस कारण से किसान संघ ने 14 दिसम्बर 2025 की अपनी बैठक में पुनः 26 दिसम्बर को लैंडपूलिंग योजना के विरोध में आंदोलन किये जाने का निर्णय किया हैं। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि किसानों के सम्मान में एवं किसानों के हित में जो आन्दोलन किसान संघ द्वारा लैन्डपूलिंग एवं सिंहस्थ के संबंध में प्रस्तावित हैं। इस आन्दोलन में सम्मिलित होने हेतु मैं भी विवश रहूंगा। अतः मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि किसानों के हित में यथा उचित निर्णय करें। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की कि आज दिनांक तक उज्जैन में सिंहस्थ भूमि पर जो रहवासी बस गये हैं, उन्हें अवासीय प्रयोजन का लाभ मिले एवं उक्त भूमि को सिंहस्थ यूज से फ्री की जावें। इस क्षेत्र में लगभग एक लाख की आबादी बस चुकी हैं। यह मेरे चुनावी घोषणा में शामिल हैं। साथ ही पिपलिनाका क्षेत्र की 3 रोड़ों के चौड़ीकरण पर पुनः विचार किया जाए। विधायक श्री जैन ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया हैं कि किसान हित में निर्णय लेकर किसानों का सम्मान करें।

राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के समापन पर सांसद ने किया गांधी शिल्प बाजार का अवलोकन

उज्जैन/नवप्रदेश। अभिनंदन परिसर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। अंतिम दिवस पर उज्जैन सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने शहर में आयोजित गांधी शिल्प बाजार (राज्य) का अवलोकन किया। इस अवसर पर शताब्दी क्राफ्ट एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक संदीप रॉय एवं मेला समन्वयक रीना वर्मा ने सांसद का स्वागत कर मेले के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए हस्तशिल्पियों द्वारा किए जा रहे सजीव प्रदर्शन (लाइव डेमोंस्ट्रेशन) को देखकर सांसद श्री फिरोजिया अभिभूत हुए। उन्होंने हस्तशिल्पियों की सराहना करते हुए कहा कि उज्जैन में

प्रतिवर्ष लगभग 8 करोड़ श्रद्धालु एवं पर्यटकों का आगमन होता है। आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए 'लोकल फॉर वोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना के अनुरूप स्थानीय उत्पादों की सशक्त विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में योजनाएं तैयार की जा रही हैं। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश में तीन यूनिटी मॉल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से एक यूनिटी मॉल उज्जैन में लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन है। इस मॉल में छोटे, लघु एवं मध्यम उद्यमियों तथा हस्तशिल्पियों को दुकानें आवंटित की जाएंगी, जिससे स्थानीय कारीगरों को बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। अवलोकन के दौरान सांसद ने विभिन्न प्रदेशों से आए हस्तशिल्पियों से संवाद किया और उनके कार्यों की जानकारी ली। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सेंगर, समाजसेवी श्री भानु भदौरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक, हस्तशिल्पी एवं बड़ी संख्या में आगंतुक उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती चंद्रलेखा वर्मा द्वारा क्रोशिया, ज्योति जोशी द्वारा बंधेज, पद्मा खत्री द्वारा ज्वेलरी, जयश्री कुलकर्णी द्वारा बैंगल्स, शारदा बाई द्वारा खजूर पत्ता शिल्प, सत्यनारायण गौतम द्वारा पेंटिंग, प्रमिला ठाकुर एवं शकुंतला देवी द्वारा निटिंग वर्क, मंजू रावत द्वारा आदिवासी गुड़िया तथा श्रीमती रेणु द्वारा क्रोशिया का सजीव प्रदर्शन किया गया। मेला समन्वयक रीना वर्मा ने बताया कि यह मेला कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसे शताब्दी क्राफ्ट एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भव्य रूप दिया गया है।

अखंड भारत को समर्पित रहा अमां चवंदी हुई

द्रौपदी चंदनानी सिंधी साहित्य रत्न अवार्ड से सम्मानित

उज्जैन/नवप्रदेश। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित ÷अमां चवंदी हुई÷ (मां कहती थी) शीर्षक का मुख्य कार्यक्रम 14 दिसंबर की शाम झूलेलाल गार्डन, सिंधी कॉलोनी में भाजपा के वरिष्ठ नेता रूप पमनानी एवं वरिष्ठ शिक्षाविद चिमनदास लखानी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ हुआ।

संस्था निदेशक डॉ पल्लवी किशन ने बताया कि सिंधी समाज की प्रतिभाओं को मंच पर लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के प्रथम चरण में ऑडिशन के माध्यम से चयनित लोगों को राधिका दांदवानी, डॉ पल्लवी किशन एवं कुमार किशन द्वारा प्रशिक्षण देकर मंच पर प्रस्तुति हेतु तैयार किया।

मंच पर लगभग 40 कलाकारों ने गीत, कविता, नृत्य, कहानी, तीज-त्योहारों के महत्व, कॉमेडी संस्मरण, भाषण, मुहावरों के माध्यम से अपनी

प्रतिभा का परिचय दिया। तथा इन सभी कलाकारों ने प्रस्तुति उपरांत दर्शकों से तालियों के रूप में बहुत प्रशंसा प्राप्त हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कवयित्री द्रोपदी चंदनानी ने अपनी कविताओं के माध्यम से दर्शकों को सिंधी संस्कृति की याद दिलाते हुए भावुक किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित मनीष देवनानी बोर्ड पर थे। सहयोग तीरथ दास मेंबर एनसीपीएसएल ने सिंधी भाषा व संस्कृति के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की भाषा व संस्कृति के संवर्धन की हितकारी योजनाओं को मंच पर साझा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मीना वाधवानी ने किया। कार्यक्रम में संगतकार के रूप में बृजेश अंजान ढोलक एवं दीपक गिरी सिंथेसाइजर दृति रावल शामिल रहे। भागचंदानी, योगिता रोचवानी, लोकेश भागचंदानी, सूर्यदेव ओल्हन का था।

जिन लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया उनमें भाषण -गोपालदास वाधवानी, चंदीराम जेठवानी, मुहावरे -राजकुमार परसवानी, अमर तोलानी, संस्मरण- रोहित सामदानी, कविता- ईश्वरचंद्र चंचलानी, कुमारी दिव्यांशी चांदवानी, कुमारी पहल परसवानी, कहानी- डॉली खेमचंदानी कॉमेडी- विजय भागचंदानी अभिनय- कुणाल खत्री, चिराग सामदानी, चिराग तोलानी, तीज- त्यौहारों का महत्व- हेमा खत्री, भजन, गीत- राधिका दांदवानी, अमन दांदवानी, वीना परसवानी, पूनम भागचंदानी, शोभा शर्मा, दीपा खत्री, एन डी लखानी, एकल नृत्य-हिमांशु हंस,स्तुति खत्री, हीया रामानी, सामूहिक नृत्य-आद्या जोशी, देवेशी चौहान, नक्षत्रा निगम, रोशिता सोनी, रिद्धि सोनी, शार्वी नीमा, जाह्नवी चांडक, माही यादव, कृष्टी सलूजा, स्तुति जोशी, रवि पण्डया,

महापौर द्वारा हाटकेश्वर उद्यान के संधारण हेतु 05 लाख की अनुशंसा

उज्जैन/नवप्रदेश। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 49 ऋषि नगर एक्सटेंशन स्थित हाटकेश्वर उद्यान में क्षतिग्रस्त तार फेंसिंग की मरम्मत, पाथवे का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, खेल उपकरण, ट्यूबवेल खनन, बेंच एवं कुर्सी इत्यादि कार्यों हेतु राशी रुपए 5 लाख की अनुशंसा की स्वीकृति उद्यान का रखरखाव करने वाली श्री हाटकेश्वर उद्यान निगरानी समिति को

प्रदान की गई है नगर निगम द्वारा फरवरी 2023 में यह उद्यान श्री हाटकेश्वर उद्यान निगरानी समिति को 3 वर्ष की अवधि के लिए गोद दिया गया था समिति के पर्यावरण प्रेमी एवं सेवाभावी सदस्यों द्वारा उद्यान की देखरेख, साफ सफाई, पौधों की सिंचाई एवं अन्य सामान्य संधारण कार्य किए जाते हैं जिससे यह उद्यान एक आदर्श उद्यान के रूप में विकसित हुआ है समिति द्वारा सोमवार को महापौर से मुकेश टटवाल से सौजन्य भेंट करते हुए उद्यान में क्षतिग्रस्त तार फेंसिंग की मरम्मत, पाथवे का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, खेल उपकरण, ट्यूबवेल खनन, बेंच एवं कुर्सी इत्यादि कार्य कराए जाने की मांग की गई थी जिसके क्रम में महापौर द्वारा उक्त मांग को तुरंत स्वीकार करते हुए राशी रुपए 5 लाख की अनुशंसा की गई है । उल्लेखनीय है कि महापौर श्री मुकेश टटवाल की घोषणा अनुसार शहर के ऐसे उद्यान जो की क्षेत्र के रहवासियों द्वारा समिति बनाकर रखरखाव किए जाते हैं और इसके लिए नगर निगम परिषद के ठहराव क्रमांक 123 दिनांक 30.07. 2020 को ठहराव हुआ है जिसमें नगर निगम द्वारा उद्यानों को क्षेत्रीय रहवासियों को समिति बनाते हुए गोद दिया जाएगा साथ ही उद्यान का स्वामित्व निगम के पास ही रहेगा

प्रथम राज्य स्तरीय ग्रामीण मल्लखंब प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में दो खेल हस्तियों को दिया लाईफ टाईम अचिवमेंट पुरस्कार

उज्जैन/नवप्रदेश। माधवपुरा (रूनिजा) में श्री महावीर व्यायामशाला एवं मध्यप्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम राज्य स्तरीय ग्रामीण मल्लखंब प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें संपूर्ण मध्यप्रदेश के लगभग 200 बालक-बालिका खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की गई।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश मल्लखंब संघ के सचिव ओमप्रकाश त्रिवेदी एवं सिध्दु पहलवान, प्रहलाद शर्मा, विश्वामित्र अवार्डी कन्हैयालाल मामोडिया, पूनमचंद्र पाटीदार, जितेंद्र राठौड़, गणपत मालीवाड़, कैलाश पोपणिया, केलाश खटोलिया, पूनमचंद्र पाटीदार के आतिथ्य में हुआ। वहीं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या, अंतरसिंह देवड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, विजयराजसिंह मंडल अध्यक्ष खरसोदकला, मनोहरसिंह गुर्जर सरपंच संघ अध्यक्ष, सुनील यादव जनपद प्रतिनिधि, राजेश मिश्रा मंडल मंत्री, सत्यनारायण नागर सरपंच

माधवपुरा, काश्लय सिंह राठौड़ सरपंच गजनीखेड़ी, कोटल सिंह राठौर, भेरूलाल नागर उपसरपंच, ऋषि मोरवाल सांसद प्रतिनिधि, जुझार केवट पिछड़ा प्रकोष्ट अध्यक्ष रहे। प्रतियोगिता मल्लखंब संघ अध्यक्ष सोनू गेहलोत की अध्यक्षता में संपन्न की गई। प्रतियोगिता में दो खेल हस्तियों सिध्दु पहलवान एवं प्रहलाद शर्मा को प्रदेश मल्लखंब संघ एवं संपूर्ण मल्लखंब जगत की ओर से लाईफ टाईम अचिवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में जय महावीर व्यायामशाला माधवपुरा, प्रथम श्री बजरंग व्यायामशाला कंचनखेड़ी, एवम् दुर्गा शक्ति सागर,द्वितीय क्रीड़ा केंद्र विरियाखेड़ी रतलाम तृतीय रहे। बालिका वर्ग में जय महावीर व्यायामशाला माधवपुरा प्रथम, श्री बजरंग व्यायामशाला गौतमपुरा द्वितीय, श्री बजरंग व्यायामशाला घीनोदा एवम्, दुर्गाशक्ति व्यायामशल सागर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं चेतना माली श्यामसुंदर संकट मोचन ढोढरा जावरा, अनीता इनवाली शा.उ.मा.वि. नागदेवरी सिवनी, तमन्ना आठमिया बजरंग व्यायामशाला कंचनखेड़ी, प्रिया चौहान श्री कल्याणगुरू व्यायामशाला बड़ावदा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया।व्यक्तिगत पोल मल्लखंब पर मनन खत्री, श्रीराम पाटीदार, लखन परमार, रनवीर पुष्पद, आयुष निनाम, केशव पुष्पद, कुनाल डोडिया, भानूप्रताप पलवार विजयी रहे। प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी कन्हेयलाल मामोदिया मोहनलाल बंबोरिया एवम् मुन्नलाल मामोडिया संतोष सोलंकी शमपाल सागर जितेंद्र धुलिया रतलाम ने किया वही रेफरी के रूप में विश्नेश सुगंधी प्रणव यतिन कोरी आदित्य गहलोत देवेंद्र परमार पंकज गर्गामा आयुष धाकड़ संजना जेसिका प्रजापति छाया भाटिया सलोनी बामनिया सपना माली ने अपनी सेवाए दी। यह जानकारी मल्लखंब संघ सचिव ओमप्रकाश त्रिवेदी ने दी।

भारत रत्न अटल एवं महामना के व्यक्तित्व और कृतित्व पर होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

उज्जैन/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा प्रतिवर्षानुसार भारत रत्न राष्ट्र के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के समापन दिवस एवं महान शिक्षाविद् महामना मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस 25 दिसंबर को होने जा रहे अभिनंदन समारोह में साहित्यकारों को सम्मानित किया जावेगा। कबीर के भजनो की प्रस्तुति से समारोह का शुभारंभ किया जावेगा।

समारोह अध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि उज्जैन में होने वाले 43वाँ राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में देश के विद्वान अतिथि एवं वक्ताओं का उद्बोधन होगा। समारोह 25 दिसम्बर को होटल शुभश्री उज्जैन में होगा। समारोह शुभारंभ में मुख्य

अतिथि डॉ. अमिता दुबे निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, विशिष्ट अतिथि डॉ. जवाहर कर्नावट निदेशक अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र भोपाल, पंडित रमण त्रिवेदी पुजारी महांकाल मंदिर एवं वरूण गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता उज्जैन तथा डॉ. अशोक आचार्य राष्ट्रीय महामंत्री

भारत रक्षा मंच दिल्ली तथा मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार भार्गव आईएएस एवं पूर्व संभागायुक्त एवं शिक्षाविद् भोपाल एवं अध्यक्षता ब्रजकिशोर शर्मा राष्ट्रीय संरक्षक एवं शिक्षाविद् उज्जैन करेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रस्तावना डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा कुलानुशासक सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन, विशिष्ट वक्ता निर्मलकुमार मेहता संरक्षक प्रदेश महाराष्ट्र मुम्बई, राजेन्द्रकुमार पाल, एवं डॉ. मनीष दवे इन्दौर रहेंगे। संगोष्ठी संयोजक डॉ. हरीशकुमार सिंह उपाध्यक्ष एवं स्वागताध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी अध्यक्ष आयोजन समिति उज्जैन होंगे। इस अवसर पर संस्था का द्विमासिक संचेतना समाचार पत्र विशेषांक एवं पुस्तक सुप्रज्ञ कृति का विमोचन भी होगा। अतिथियों का सम्मान एवं स्मृति चिन्ह प्रदेश महासचिव गरिमा प्रपन्न महिला प्रदेशाध्यक्ष मनीषा खेडेकर एवं महासचिव रंजना पांचाल, कोषाध्यक्ष अंजना जैन करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरूणा सराफ इन्दौर करेगी।

शिप्रा का जल आचमन योग्य था, है और रहेगा- महेश पुजारी

शिप्रा तट रामघाट पर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने शिप्रा के जल का आचमन कर दिया पवित्र जल का संदेश

उज्जैन/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के तत्वाधान में मां क्षिप्रा का वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन किया गया।पूजन पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश पुजारी के उपस्थिति में रामघाट क्षिप्रा तट पर संपन्न हुआ,राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि सनातन धर्म संस्कृति में पूरे देश के तीर्थ स्थलो और नदियों को पवित्र माना गया है कई दिनों से यह देखने में आ रहा है कि कुछ लोगों द्वारा तीर्थ स्थल की नदियों का जल अपवित्र, दूषित और आचमन योग्य नहीं बताया जा रहा है। जो अनुचित हैं यह सनातन धर्म के साथ पवित्र नदियों का अपमान हैं। जिसका सीधा असर आम श्रद्धालुओं पर पड़ता हैं। इसी तारतम्य में पुजारी महासंघ द्वारा क्षिप्रा नदी का वैदिक मंत्रोच्चार से भव्य अभिषेक पूजन किया गया और मां क्षिप्रा का जल उपस्थित तीर्थ पुरोहित, पुजारियों और ब्राह्मणों ने आचमन कर संदेश दिया कि क्षिप्रा नदी का जल पवित्र एवं शुद्ध है। यह शरीर के विकारों का नाश करता है जो लोग क्षिप्रा नदी के जल को दूषित बताते हैं वह सनातन धर्म संस्कृति को ठेस पहुंचा रहे हैं। पहले वह अपने मन के मैल को साफ करें फिर तीर्थों और नदियों की बात करे।

पुजारी महासंघ देश के सनातन धर्मावलंबियों से भी अपील करता है कि देश की सभी पवित्र तीर्थ स्थलों पर

जाकर स्नान, ध्यान, दान कर पवित्र नदियों के जल का आचमन करें।

पुजारी महासंघ द्वारा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री महोदय माननीय डॉ मोहन जी यादव को एक मांगपत्र सौंपा जाएगा जिसमें पुजारी महासंघ द्वारा तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर मौजूदा तीर्थ समस्याओं के निराकरण के उल्लेख सहित आम श्रद्धालुओं के हित में कार्ययोजना बनाई जाना चाहिए, तीर्थ स्थल के तीर्थ पुरोहितों को सुविधा दी जावे ,जिस प्रकार पिछले सिंहस्थ में पुरोहितों, ब्राह्मणों को घाट पर मंदिरों पर आने जाने में सुविधा थी वह दी जावे, शाही स्नान के समय भी पुरोहितों के घाट नहीं हटाए गए थे ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए।

साथ ही शासन द्वारा क्षिप्रा तट रामघाट से त्रिवेणी तक 29 किलोमीटर का घाट निर्माण किया जा रहा है जो वर्तमान में प्रचलित कार्य है, निर्माणाधीन घाटों पर 13 अखाड़ों के स्नान लिए 13 अलग अलग स्थानों पर व्यवस्था करे,रामघाट पर शंकराचार्य जी के स्नान की व्यवस्था की जावे। पुजारी महासंघ द्वारा सभी अखाड़ों के संतों से निवेदन करता है कि प्रयागराज की दुर्घटना से सिख लेते हुए, उज्जैन में शाही स्नान के समय वैभव और सम्पन्नता का दिखावा नहीं करे, शांतिपूर्ण तरीके से स्नान करने जाए,जिससे किसी प्रकार की जनहानि,उपद्रव या दुर्घटना नहीं हो। इस अवसर पर पुजारी महासंघ राष्ट्रीय सचिव रुपेश मेहता,नगर अध्यक्ष मंगल पुजारी,उपाध्यक्ष श्री राकेश जोशी तीर्थ पुरोहित ,भागवताचार्य आशीष अग्निहोत्री ,धनेश्वर धाम प्रमुख धनीराम तिवारी,राजू बैरागी महेंद्र सिंह बैंस, मोहित तिवारी किशन पांडे, आशीष अग्निहोत्री, आशीष ठक्कर ,राम शर्मा ,राहुल व्यास शैलेंद्र नागर, राहुल जोशी ,हिमांशु शर्मा ,चंद्रशेखर पाठक,आशीष शर्मा ,अजय दुबे ,शुभम शर्मा ,हरीश व्यास ,अरुण शर्मा आदि ब्राह्मण बंधु, तीर्थ पुरोहित एवं पुजारी संघ के सदस्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नं. 03 नेशनल प्रेस एरिया लिंक रोड नं. 3 से मुद्रित कर ई -2/237 अरेरा कॉलोनी भोपाल से प्रकाशित मो. 9425237314 Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)